* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

03 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 343


स्वर्ण मंदिर पहुंचे राहुल गांधी, मत्था टेकने के बाद लंगर हॉल में धोये बर्तन








# सीएम की तस्वीर हटाने पर झामुमो हुआ हमलावर

**कहा- किसके इशारे पर हटी तस्वीर, यह खुलासा हो, चुप नहीं बैठेगा झामुमो**

**राज्यपाल और भाजपा को हेमंत फोविया हो गया है: विनोद पांडेय**

**गांधी के हत्यारे बापू को श्रद्धांजलि देते फिर रहे हैं, यह खुशी की बात**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो ने राजभवन और भाजपा पर तीखा हमला किया है। पार्टी रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट के कार्यक्रम में लगी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर को हटाने को लेकर हमलावर हो गयी है। पार्टी महासचिव और प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि यह केवल किसी मुख्यमंत्री का अपमान नहीं है, यह समस्त आदिवासियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि यह किसके इशारे पर हुआ, इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज यह खबर सुर्खियों में है। यह किसी राज्य के लिए बेहतर संकेत नहीं है। मुख्यमंत्री को इस कार्यक्रम में जाना था, मगर उनके नहीं पहुंचने पर उनकी तस्वीर हटा दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी भी कार्यक्रम में चाहे वह राज्यपाल हों या मुख्यमंत्री, किसी के इशारे पर तस्वीर हटा देना कहीं से उचित नहीं है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए कि किसके आदेश और निर्देश पर यह हुआ। यह कहीं न कहीं बहुत बड़ी साजिश है। यह किसी के इशारे पर हुआ हो, राजभवन के इशारे पर हुआ हो या यूनिवर्सिटी के इशारे पर हुआ हो, जो भी लोग दोषी हैं, उनके ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए। पांडेय ने कहा कि बहुत जल्द कार्यक्रम हम लोग लेंगे और जिस प्रकार से राजभवन का रवैया सरकार के प्रति और झामुमो के प्रति और यहां के लोगों के प्रति है, उनका बहुत जल्द पर्दाफाश करेंगे।

## झामुमो के कार्यकर्ताओं में उबाल



विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड में भाजपा के लोगों सहित बाबूलाल मरांडी को तो हेमंत फोविया हो गया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भी हेमंत फोविया हो गया है। महामहिम तो हेमंत सोरेन की तस्वीर से भी डरने लगे हैं। आर्यभट्ट सभागार में वर्षों से लगी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर से डर गये, जिसके कारण उनकी तस्वीर को उतरवाने के बाद ही कार्यक्रम में पहुंचे। राज्य के लिए यह दुर्भाग्य की बात है। राजपाल जैसे पद पर रह कर किसी खास पार्टी के लिए काम करना, उनको शोभा नहीं देता है। इस बात से झामुमो के कार्यकर्ताओं में उबाल है। वे आक्रोश में हैं। पार्टी इसे गंभीरता से ले रही है।

### महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित

विनोद पांडेय ने महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कहा कि आज गांधी के हत्यारे नाथूराम गोड्से की विचारधारा वाले लोग बापू को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। यह देखकर खुशी महसूस होती है। उन्होंने मोरहाबादी के बापू वाटिका में गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि हम आज बापू की 154वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि देने आये थ।. पार्टी की ओर से हम लोगों ने श्रद्धांजलि दी। बापू के बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। यहां देखने को मिला कि जिन्होंने बापू की हत्या की, उनकी विचारधारा पर चलने वाले लोग भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। ये खुशी की बात है कि गांधीजी के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प ले रहे हैं, उनकी कृतियों को सराह रहे हैं और अपना भी रहे हैं।

### यह था मामला

मालूम हो कि 1 अक्टूबर को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में भारत स्वच्छता अभियान को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे। जानकारी के अनुसार राज्यपाल के आने से पहले राजभवन के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और मुख्यमंत्री की तस्वीरें हटवा दी गयी। बाद में दोबारा लगा दी गयी।






# जातीय जनगणना की रिपोर्ट जारी

- राज्य में 36% अत्यंत पिछड़ा वर्ग, ओबीसी 27%; यादव 14%, ब्राह्मण-ठाकुर 3-3%, सबसे कम कायस्थ 0.60%

## बिहार बना देश का पहला राज्य



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिये हैं। इसके साथ ही बिहार जातीय गणना का आंकड़ा जारी करनेवाला पहला राज्य बन गया है। इसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36%, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 27% हैं। सबसे ज्यादा 14.26% यादव हैं। ब्राह्मण 3.65%, राजपूत (ठाकुर) 3.45% हैं। सबसे कम संख्या 0.60% कायस्थों की है। गौरतलब है कि 7 जनवरी से गणना का पहला चरण शुरू हुआ था। इस चरण में मकानों का सूचीकरण, मकानों को गिना गया। यह चरण 21 जनवरी 2023 को पूरा कर लिया गया था। दूसरा फेज 15 अप्रैल से शुरू हुआ। इसे 15 मई को पूरा हो जाना था। लोगों से डेटा जुटाये गये। दूसरे चरण में परिवारों की संख्या, उनके रहन-सहन, आय आदि के आंकड़े जुटाये गये।

बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने जातीय गणना पर एक किताब जारी की है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। इसमें 2 करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। अनुसूचित जाति 19.65%, अनुसूचित जनजाति 1.68% और सामान्य वर्ग 15.52% है। बिहार की आबादी में करीब 82 फीसदी हिंदू और 17.7 फीसदी मुसलमान हैं। बिहार में 2011 से 2022 के बीच हिंदुओं की आबादी घटी है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7% और मुस्लिम आबादी 16.9% थी।

अपर मुख्य सचिव विवेक सिंह ने कहा कि बिहार राज्य में हुई गणना के अनुसार प्रदेश की जनसंख्या में बिहार के बाहर में रहनेवालों की संख्या 53 लाख 72 हजार 22 है। बिहार राज्य में रहनेवालों की कुल जनसंख्या 12 करोड़ 53 लाख 53 हजार 288 है। इसमें पुरुषों की कुल संख्या 6 करोड़ 41 लाख 31 हजार 990 है, जबकि महिलाओं की संख्या 6 करोड़ 11 लाख 38 हजार 460 है। अन्य की संख्या 82 हजार 836 पायी गयी है। गणना के अनुसार 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं।

### किस वर्ग की कितनी आबादी

| | |
|---|---|
| सामान्य वर्ग - | 15.52% |
| पिछड़ा वर्ग- | 27.12% |
| ओबीसी - | 36.1% |
| अनूसूचित जाति- | 19.65% |
| अनूसचित जनजाति - | 1.68% |

### किस जाति की कितनी आबादी

| | |
|---|---|
| यादव - | 14.26% |
| रविदास- | 5.25% |
| दुसाध- | 5.31% |
| कोइरी- | 4.21% |
| ब्राह्मण- | 3.67% |
| राजपूत- | 3.45% |
| मुसहर- | 3.08% |
| भूमिहार- | 2.89% |
| कुरमी- | 2.87% |
| तेली- | 2.81% |
| बनिया- | 2.31% |
| कानू- | 2.21% |
| चंद्रवंशी- | 1.64% |
| कुम्हार- | 1.40% |
| सोनार- | 0.68% |
| कायस्थ - | 0.60% |

### किस धर्म की कितनी आबादी

| | |
|---|---|
| हिंदू- | 81.99% |
| मुस्लिम- | 17.70% |
| ईसाई- | 0.05% |
| सिख- | 0.011% |
| बौद्ध - | 0.0851% |
| जैन- | 0.0096% |
| अन्य धर्मों की आबादी- | 0.1274% |
| कोई धर्म नहीं माननेवाले- | 0.0016% |



इससे जातियों के साथ-साथ उनकी आर्थिक स्थिति के बारे में भी जानकारी मिली है। इसी के आधार पर आगे विकास का काम किया जायेगा। जातीय गणना और सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी देने के लिए राज्य की नौ पार्टियों की बैठक बुलायी गयी है।

- नीतीश कुमार मुख्यमंत्री, बिहार



भाजपा की अनेकों साजिशों, कानूनी अड़चनों और तमाम षड्यंत्र के बावजूद बिहार सरकार ने जाति आधारित सर्वे को जारी किया। सरकार को अब सुनिश्चित करना चाहिए कि जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी हो।

- लालू प्रसाद यादव, राजद प्रमुख

# ग्राम सभा ने ली शपथ, अबुआ वीर दिशोम अभियान शुरू

**राज्य भर की 30 हजार से अधिक ग्राम सभाओं ने जल, जंगल और जमीन और इसके संसाधनों की रक्षा के लिए ली शपथ**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर राज्य की 30 हजार से अधिक ग्राम सभाओं ने शपथ ली। इसी के साथ अबुआ वीर दिशोम अभियान 2023 की शुरूआत हो गयी। वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिये गये अधिकार का उपयोग करते हुए ग्राम-स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन / पुनर्गठन करने तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने के लिए उनके दावे पर नियम के अनुसार अनुशंसा करने एवं जल, जंगल और जमीन तथा इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने की शपथ ली गयी। इस शपथ ग्रहण के साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा वनाधिकार हेतु प्रस्तावित अबुआ बीर दिशोम अभियान, 2023 ( वन अधिकार अभियान, 2023 ) के क्रियान्वयन तथा वन अधिकार समिति, अनुमण्डलीय स्तरीय वनाधिकार समिति एवं जिला स्तरीय वनाधिकार समिति का पुनर्गठन कार्य का शुभारम्भ भी हो गया। इस शपथ ग्रहण के बाद ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन / पुनर्गठन का कार्य 3 से 18 अक्टूबर के मध्य पूरा कर लिया सुनिश्चित किया जायेगा। इस बीच वनाधिकार समिति के गठन के लिए जिला के सभी गांवों में ग्राम सभा के आयोजन हेतु ग्रामवार योजना तथा प्रत्येक ग्राम सभा की कार्रवाई उपायुक्त द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में सुनिश्चित किया जायेगा।

## एक बार फिर साइकिल पर नजर आये तेज प्रताप

पटना। बिहार सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव एक बार फिर साइकिल पर नजर आये। गांधी जयंती के अवसर पर उन्होंने साइकिल यात्रा निकाली। तेज प्रताप छात्र राजद भारत और उनके संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ साइकिल यात्रा पर निकले।



# 47 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र आज सौंपेंगे मुख्यमंत्री

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सीधी भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 47 अनुशंसित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार कक्ष में सहायक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक) सीधी भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा और सहायक अभियंता ( विद्युत) में अनुशंसित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया जायेगा। इनमें में सहायक अभियंता असैनिक के 32 अभ्यर्थी हैं, वहीं सहायक अभियंता यांत्रिक से नौ और सहायक अभियंता विद्युत पद के लिए छह अभियंताओं को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता भी शामिल होंगे। बता दें कि नगर विकास विभाग द्वारा सभी सहायक अभियंताओं की नियुक्ति सहायक अभियंता असैनिक, यांत्रिक, सीधी भर्ती प्रतियोगिता परीक्षा विज्ञापन संख्या 2018 के माध्यम से हुई थी। झारखंड लोक सेवा आयोग ने इन अभ्यर्थियों का चयन कर सरकार के समक्ष अनुशंसा की थी, जिसके बाद इनके प्रमाण पत्रों की जांच की गयी और नियुक्ति पत्र देने का फैसला लिया गया।

# कुछ लोगों को भारत के विकास से नफरत: मोदी

**अजाद सिपाही संवाददाता**



**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जात-पात के नाम पर लोगों को बांटने का आरोप लगाते हुए विपक्ष पर हमला किया। मोदी ने कहा कि विकास विरोधी तब भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे और आज भी खेलते हैं। वे तब भी जात-पात के नाम पर लोगों को बांटते थे और आज भी यही पाप कर रहे हैं। उन्होंने ग्वालियर में 19 हजार करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मोदी ने कहा कि ये डबल इंजन की सरकार का परिणाम है। आज मध्यप्रदेश के लोगों का भरोसा डबल इंजन वाली सरकार पर है। बीते सालों में हमारी सरकार मध्यप्रदेश को बीमारू राज्यों से देश के टॉप टेन राज्यों में ले आयी है। यहां से हमारा लक्ष्य एमपी को देश के टॉप तीन राज्यों में ले जाने का है। आपका एक वोट मध्यप्रदेश को टॉप थ्री में पहुंचायेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग, हर क्षेत्र तक विकास पहुंचाने के लिए समर्पित है। जिसको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूछता है। मोदी पूजता है। मोदी ने कहा कि एमपी का विकास वे लोग नहीं कर सकते, जिनके पास नयी सोच नहीं है। ना ही विकास का रोड मैप है। इनका सिर्फ एक ही काम है। देश से नफरत, भारत की योजनाओं से नफरत। उन्हें भारत का विकास अच्छा नहीं लग रहा है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 54,300 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड की राजनीति में नयी लकीर खींच रहे हैं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो

## ■ निजी आरोप-प्रत्यारोप की जगह रचनात्मक मुद्दों पर रहते हैं एक्टिव

## ■ आजसू के महाधिवेशन ने साबित किया अंतिम लक्ष्य के प्रति पार्टी का नजरिया

## ■ पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता झारखंडी हितों के लिए है सजग

**22 जून 1986 को सोनारी, जमशेदपुर में जिस आजसू पार्टी की नींव पड़ी, आज वह एक विशाल पेड़ बन चुका है। रांची के मोरहाबादी मैदान में संपन्न पार्टी के महाधिवेशन में कुछ ऐसा ही नजारा था। लेकिन सबसे रोचक यह जानना है कि स्थापना काल से ही राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में दुनिया भर में चर्चित झारखंड की सियासत में आजसू पार्टी की इतनी चर्चा क्यों होती है। पारंपरिक राजनीति के रास्ते पर चल रहे झारखंड के राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीति के अनुसार बयानबाजी में उलझे तो हैं, लेकिन आजसू पार्टी भीड़ से अलग नजर आती है। आजसू पार्टी का झारखंड की राजनीति में अलग स्थान इसलिए बन गया है, क्योंकि इसके नेता न तो अनर्गल बयानबाजी करते हैं और न ही आरोप-प्रत्यारोप में अपना समय जाया करते हैं। पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो और दूसरे नेता रचनात्मक कार्यक्रमों के जरिये हर दिन आम लोगों से जुड़ रहे हैं और ऐसे मुद्दे उठाते हैं, जिनका सरोकार सीधे जनता से है। सुदेश ने महाधिवेशन में जो कुछ कहा, उसका लब्बो-लुआब यह है कि चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन से आजसू पार्टी बहुत कुछ सीख चुकी है और अब वह अपने किस्म की सियासत कर रही है, ताकि उसकी खोयी हुई जमीन दोबारा हासिल हो सके। यह सुदेश और आजसू पार्टी की रणनीति का ही परिणाम है कि आज झारखंड की करीब साढ़े चार हजार पंचायतों में पार्टी का संगठन बाकायदा सक्रिय है और लगातार लोगों से जुड़ कर काम कर रहा है। समाज के हर वर्ग में पार्टी की पैठ बन गयी है। सुदेश की इस रणनीति ने भारत की पारंपरिक राजनीतिक सोच और तरीके को झकझोर कर रख दिया है। आजसू पार्टी ने वास्तव में झारखंड में हमेशा अलग किस्म की राजनीति की है। इसका लाभ भी आजसू को होता दिख रहा है। यह सुदेश महतो की सकारात्मक सोच और मुद्दा आधारित राजनीति का ही असर है कि झारखंड के बड़े दलों के नेताओं के साथ ही वह भी पहली पंक्ति में शुमार हैं, भले ही उनके विधायकों की संख्या कम है, लेकिन नेता के रूप में सुदेश महतो ने अपनी एक अलग पहचान बनायी है। आक्रामक राजनीति के इस दौर में आजसू पार्टी को इस मुद्दा आधारित राजनीति से कितना चुनावी लाभ होगा, यह तो अभी नहीं कहा जा सकता, लेकिन झारखंड की राजनीति में नयी लकीर खींचने का श्रेय तो हमेशा उसे मिलेगा ही। सुदेश महतो की इसी राजनीति के संभावित परिणाम का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

यदि आज झारखंड के संदर्भ में किसी से पूछा जाये कि आज राज्य का सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा क्या है, तो उसे उत्तर सोचने में कुछ देर लगेगी, लेकिन यही सवाल यदि आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो या उनकी पार्टी के किसी नेता से पूछा जाये, तो उन्हें जवाब देने में तनिक भी देर नहीं लगेगी, क्योंकि उनके लिए संसाधनों में हिस्सेदारी, नीति-निर्णय में भागीदारी और सबके लिए समान अवसर सृजित करना ही झारखंड का सबसे बड़ा मुद्दा है। आजसू पार्टी का यही नजरिया उसे दूसरे राजनीतिक दलों से अलग करता है, क्योंकि वह हमेशा ही अलग किस्म की राजनीति पर भरोसा करती है। यह अलग बात है कि इसका चुनावी लाभ उसे मिलता है या नहीं, लेकिन आजसू पार्टी और उसका एक-एक नेता पार्टी के उद्देश्यों को लेकर स्पष्ट है।

आजसू पार्टी की अलग किस्म की राजनीति की स्पष्ट झलक एक दिन पहले संपन्न पार्टी के महाधिवेशन से भी मिलती है। रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित इस महाधिवेशन के जरिये आजसू पार्टी ने साफ कर दिया कि वह लंबे राजनीतिक संघर्ष के लिए न सिर्फ तैयार है, बल्कि उसके पास झारखंड के प्रति एक दृष्टिकोण भी है। महाधिवेशन में पारित दो दर्जन राजनीतिक प्रस्तावों से साफ हो गया है कि आजसू पार्टी केवल सत्ता परिवर्तन की बात नहीं करती है, बल्कि विकल्प भी देती है। इसलिए आजसू पार्टी मानती है कि झारखंड की माटी के प्रति प्रेम जगाने का समय आ गया है। वह झारखंड को संवारने की तरफ आगे बढ़ रही है। पार्टी महाधिवेशन में पारित राजनीतिक प्रस्तावों पर नजर दौड़ाने से साफ हो जाता है कि आजसू पार्टी को केवल झारखंड से मतलब है। इसलिए वह पांच किलो चावल और धोती-साड़ी देकर झारखंडियों को हाशिये पर रखने के आदिवासी दर्शन के खिलाफ है। आजसू पार्टी का आदिवासी दर्शन क्रांतिकारी सिदो-कान्हू, वीर बिरसा, बुधू भगत, जयपाल सिंह, टाना भगत आदि हैं। पार्टी का एजेंडा गांव, चौपाल और पंच हैं। इसलिए आजसू पार्टी मानती है कि अलग राज्य का बंटवारा भौगोलिक हिस्सेदारी नहीं, बल्कि झारखंडी अस्मिता, वजूद, जल, जंगल, जमीन की रक्षा और मूलवासियों के हितों को सुरक्षित करना था।



आजसू पार्टी की राजनीति जनता के सवालों और विषयों पर चर्चा के साथ सुलझाना और विकास है। वह केवल वोट की राजनीति नहीं करती है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की आजसू पार्टी की नीति के कारण उसे अपेक्षित चुनावी सफलता भले नहीं मिल रही है, लेकिन पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है।

शायद यही वजह है कि आजसू पार्टी का राजनीतिक महत्व लगातार बढ़ता ही जा रहा है। भाजपा जैसी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भी आजसू पार्टी को सहयोगी के रूप में साथ लेने को उत्सुक ही नहीं रहती है, हमेशा तरजीह देती है।

सुदेश महतो और उनकी पार्टी हमेशा झारखंड के गांवों से जुड़ कर काम कर रहे हैं, इसलिए झारखंड की साढ़े चार हजार के करीब ग्राम पंचायतों में उसका संगठन सक्रिय है और आम लोग सीधे पार्टी के नेताओं से जुड़ कर अपनी बात करते हैं और सुनते हैं।

आजसू पार्टी का यही नजरिया सुदेश महतो को झारखंड की राजनीति का 'डार्क हॉर्स' बनाता है। सुदेश महतो ने झारखंड बनने के बाद से एक कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। अपने गृह क्षेत्र सिल्ली से लगातार दो बार विधानसभा का चुनाव हारने के बावजूद उन्होंने पार्टी के साथ-साथ अपना हौसला भी बनाये रखा। उन्होंने यह स्थापित किया है कि सांसद और विधायक कोई भी बन सकता है, लेकिन नेता वही बनता है, जिसमें नेतृत्व क्षमता होती है। सांसद-विधायक नेता नहीं बनाते, बल्कि नेता सांसद और विधायक बनाता है। सुदेश महतो ने हमेशा मुद्दों की राजनीति की है और गंभीरता से अपनी पार्टी की रणनीति निर्धारित की है। विधानसभा में भी उनकी बात सभी पक्ष के सदस्य गंभीरता से सुनते हैं। अपने एक-एक कार्यकर्ता के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहना सुदेश के विशिष्ट गुणों में शामिल है। उनकी यही कार्यशैली उन्हें दूसरे राजनेताओं से अलग करती है। उन्होंने पिछले पांच-छह साल में अपनी पार्टी का जिस रफ्तार से विस्तार किया है, वह किसी अचंभे से कम नहीं है। आज की तारीख में आजसू का संगठन झारखंड के हरेक गांव में है और यह केवल नाम के लिए नहीं है, बल्कि पूरी तरह सक्रिय है। यह सुदेश महतो की रणनीति का ही असर है कि भाजपा के साथ रहने के बावजूद आज झारखंड का मुसलमान भी आजसू का समर्थक है, उसकी नीतियों से प्रभावित है। अभी हाल ही में ए अली ने आजसू का दामन थामते वक्त जो कुछ कहा, वह सुदेश महतो की कार्यशैली की विशिष्टता को उजागर करता है।

सुदेश महतो ने अपनी राजनीति के लिए जो धारा तय की है, वह इसलिए अनोखी है, क्योंकि इसमें न आरोप-प्रत्यारोप है और न बयानबाजी। जमीन पर रह कर काम करना और सीधे जनता से जुड़ाव ही इस राजनीति का आधार है। तभी तो पार्टी आक्रामक राजनीति के इस दौर में धीर-गंभीर मुद्दों को तरजीह दे रही है, पिछड़े वर्ग का सम्मेलन आयोजित करती है, झारखंड के हितों की बात करती है। एक तरफ दूसरे दल सामान्य मुद्दों पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं, तो सुदेश महतो राज्य के संसाधनों में हिस्सेदारी, नीति-निर्णय में भागीदारी और सबके लिए समान अवसर सृजित करने जैसी बात कर रहे हैं। वह सामाजिक न्याय के मुद्दे पर संघर्ष करनेवाले संगठनों को गोलबंद कर एक मंच पर लाने और झारखंड के हितों के लिए लगातार संघर्ष करने की बात कह रहे हैं।

दरअसल, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो हमेशा से ऐसे मुद्दों की तलाश में रहते हैं, जिन पर काम कर पार्टी को लगातार विस्तार दिया जा सके। 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले भी सुदेश महतो लगातार पदयात्रा कर आम लोगों से जीवंत संपर्क में रहे थे। यही कारण है कि आजसू का संगठन आज झारखंड के हर गांव में है। सुदेश की दूर की राजनीति की रणनीति ने कई बार साबित किया है कि आजसू लीक से हट कर चलती है। इस बार आरक्षण और नियोजन जैसे मुद्दे उठा कर सुदेश ने एक बार फिर यही बात साबित की है और उनके फैसले ने बाकी दलों को पीछे छोड़ दिया है।

आजसू को इन मुद्दों पर आंदोलन करने का दोहरा लाभ मिलेगा और इसका असर अगले चुनाव में देखने को मिल सकता है। पहला लाभ तो यह होगा कि पार्टी केवल इन दो मुद्दों को जीवित रख कर ही सत्ताधारी गठबंधन को ही नहीं, विपक्षी दल को भी घेर सकती है। झामुमो और कांग्रेस के साथ भाजपा को चुनाव से पहले किये गये वादे की याद दिला कर आजसू पार्टी अपने लिए बड़े ठोस जनाधार का पक्का इंतजाम कर सकती है।

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि पिछले 23 साल में केवल आजसू ने ही राजनीति की अलग लकीर खींची है और कदम-दर-कदम चल कर इसने अपना स्थान हासिल किया है। आगे का समय भी आजसू का हो सकता है, लेकिन उसके लिए उसे लंबा सफर तय करने को तैयार रहना होगा। आजसू के लिए सुकूद देनेवाली बात यह है कि सुदेश महतो राजनीतिक हड़बड़ी में नहीं हैं और वह किसी शार्टकट रास्ते से ऊंची उड़ान भरना नहीं चाहते। वह जानते हैं कि इससे तात्कालिक लाभ तो मिल सकता है, लेकिन उसके खतरे ज्यादा हैं। यही कारण है कि कई अवसरों पर सुदेश महतो ने सिर्फ कुर्सी के लिए समझौता नहीं किया। वह चाहते तो उन्हें हर सरकार में कुर्सी मिल सकती थी, लेकिन उन्होंने स्व लाभ के लिए मुद्दों और विचारों की राजनीति को तिलांजलि नहीं दी।

# हजारीबाग का आइएसआइएस आतंकी शाहनवाज दो साथियों के साथ दबोचा गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आइएसआइएस के संदिग्ध आतंकी शाहनवाज उर्फ शैफी और उसके दो साथी मोहम्मद रिजवान अशरफ और मोहम्मद अरशद वारसी को गिरफ्तार किया है। एनआइए को लंबे वक्त से शाहनवाज की तलाश थी, उस पर तीन लाख का इनाम भी घोषित किया गया था। शाहनवाज मूल रूप से झारखंड के हजारीबाग जिले के पेलावल का रहने वाला है। शाहनवाज ने गुजरात की रहने वाली बसंती पटेल नाम की एक महिला से शादी की थी। शादी के बाद उसने अपनी पत्नी का धर्म परिवर्तन करवाया और फिर उसका नाम मरियम हो गया था। शाहनवाज और उसके साथी आतंकियों की साजिश नॉर्थ इंडिया को दहलाने की थी। इतना ही नहीं इन आतंकियों ने पुणे के जंगलों में बम ब्लास्ट की प्रैक्टिस भी की थी। इससे पहले 18 जुलाई को लोहरदगा में आइबी, एनआइए और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर आइएसआइएस के आतंकी फैजान को गिरफ्तार किया था।

### कौन है शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा?

आतंकी शाहनवाज पेशे से इंजीनियर है। पुलिस ने शाहनवाज और उसके साथियों के पास से आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं। मोटरसाइकिल की चोरी की कोशिश के दौरान पुणे पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जांच में आतंकियों के संपर्क में होने का खुलासा हुआ था। आइएसआइएस मॉड्यूल आतंकी गतिविधियों से जुड़ने का आरोप है। आतंकी के पास से बम बनाने के सामान के अलावा रासायनिक पदार्थ भी बरामद हुए हैं।

### रांची समेत सात जिले बने आतंकी संगठनों के स्लीपर सेल का ठिकाना, अब तक 27 गिरफ्तार


एमडी. शाहनवाज

**21 मई 2014 :** पटना ब्लास्ट के बाद फरार चल रहे धुर्वा सीठियो गांव के दो अन्य युवक नुमान उर्फ नोमान व मोहम्मद तौफिक के अलावा ओरमांझी के चकला गांव का मुजिबुल्ला व इरम लॉज में मुजिबुल्ला का रूम पार्टनर हैदर अली पकड़ा गया था।

**अक्टूबर 2014 :** एटीएस ने पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान में हुए बम विस्फोट मामले में जमशेदपुर के आजाद नगर से शीश महमूद नाम के शख्स को गिरफ्तार किया था।

**19 अप्रैल 2015:** जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश का सक्रिय सदस्य और वर्धमान बम बलास्ट के आरोपी इब्राहिम शेख पाकुड से गिरफ्तार हुआ था।

**08 अगस्त 2018:** बोधगया और कोलकाता विस्फोट मामले में कोलकाता पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स ने झारखंड के पाकुड़ से जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के एक और संदिग्ध आतंकवादी दिलबर हसन को गिरफ्तार किया था।

**29 सितंबर 2015:** रामगढ़ से जमात-उल-मुजाहिद्दीन के पांच लाख के इनामी आतंकी तरीकुल इस्लाम उर्फ सादिक गिरफ्तार।

**16 दिसंबर 2015:** ओड़िशा पुलिस ने अलकायदा आतंकी अब्दुल रहमान कटकी को गिरफ्तार किया था। उसने कबूला था कि जमशेदपुर में वो कई युवकों को प्रशिक्षित कर चुका था।

**18 जनवरी 2016:** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित धतकीडीह निवासी अब्दुल समी को हरियाणा से दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

**25 जनवरी 2016:** जमशेदपुर के धातकीडीह से मसूद और अख्तर गिरफ्तार हुआ था। उसके पास से हथियार बरामद हुआ था।

**09 अगस्त 2017:** अलकायदा के संदिग्ध आतंकी जमशेदपुर आजादनगर निवासी जीशान अली को दिल्ली की स्पेशल टीम ने गिरफ्तार किया था।

**21 सितंबर 2019:** झारखंड एटीएस ने आतंकी संगठन से जुड़े होने के आरोप में मानगो निवासी कलीमुद्दीन को टाटानगर रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था।

**25 दिसंबर 2020:** अंडरवर्ल्ड सरगना दाउद इब्राहिम के करीबी मोस्ट वांटेड अब्दुल माजिद कुट्टी को गुजरात एटीएस ने जमशेदपुर से गिरफ्तार किया।

**15 मार्च 2022:** गिरिडीह जिला के गावां थाना क्षेत्र का रहने वाला इनामुलहक उर्फ इनाम इम्तियाज का नाम आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। उसे यूपी एटीएस ने गिरफ्तार किया था।

**18 जुलाई 2023:** लोहरदगा में आइबी, एनआइए और दिल्ली पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर आइएसआइएस का आतंकवादी शहबाज को गिरफ्तार किया था।

# अवैध खनन मामला : पंकज मिश्रा ने लगायी दूसरी बार जमानत की गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अवैध खनन के आरोप में पिछले 440 दिनों से जेल में बंद पंकज मिश्रा ने जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। दाखिल जमानत याचिका पर मंगलवार को इडी की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। इडी कोर्ट इससे पूर्व में दाखिल की गयी जमानत अर्जी खारिज कर चुकी है। यहां तक कि जमानत के लिए हाइकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक गये। अर्थात तीनों अदालतों में से कहीं से राहत नहीं मिली। बता दें कि पंकज मिश्रा को 1000 करोड़ रुपये के मनी लाउंड्रिंग के आरोप में इडी ने 19 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में ही हैं। पिछली बार सुनवाई के दौरान इडी की ओर से कहा गया था कि उनका अपने क्षेत्र में अवैध खनन में दबदबा है। इन्हीं की सह पर कई और लोग अवैध खनन कर रहे थे। इडी की छापेमारी में उनके सहयोगी और पत्थर कारोबारियों के ठिकानों से दो करोड़ रुपये से अधिक नकदी मिली थी।



# नाबालिग छात्रा से बार-बार दुष्कर्म कर रहा था शिक्षक, लोगों ने रंगे हाथ पकड़ा, हुआ गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ के हीरोडीह थाना इलाके के एक गावं में नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ये कुकर्म करने वाला और कोई नहीं बल्कि छात्रा का शिक्षक ही है। गांव के एक निजी स्कूल के शिक्षक सोनू एजाज पर नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने, फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देने और जबरन धर्म परिवर्तन करा कर शादी करने के लिए दबाव डालने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को दिये गये आवेदन में पीड़ित छात्रा के पिता ने कहा था कि उनकी पुत्री जो कि 17 वर्ष की है और वह एक निजी स्कूल में पढ़ने के लिए जाती थी। इसी दौरान स्कूल के संचालक सह शिक्षक सोनू एजाज ने किसी बहाने से छात्रा का नंबर लिया और काम के बहाने उसे स्कूल बुलाने लगा। एक दिन आरोपी शिक्षक छात्रा को बहला फुसला कर स्कूल के बगल में ही एक कमरे में ले गया और वहां उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने लगा।

### स्थानीय लोगों ने शिक्षक को रंगे हाथ पकड़ा

पिता ने बताया कि इस घटना के बाद सोनू एजाज लगातार उनकी बेटी को अपने किराये के मकान में बुलाने लगा और वहां शारीरिक संबंध बनाते हुए वीडियो भी बना लिया, जिसके बाद वह छात्रा को वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। फिर उस पर धर्म परिवर्तन करा कर शादी का दबाव डालने लगा। पिता ने बताया कि आरोपी गिरिडीह पचंबा थाना इलाके का रहनेवाला है। रविवार को भी उनकी बेटी को सोनू एजाज ने अपने किराये के मकान में बुलाया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास कर रहा था। इसी बीच आस-पास के लोगों ने उस शिक्षक को पकड़ लिया और मामले की जानकारी पुलिस को दे दी।

### बाबूलाल ने भी की कार्रवाई की मांग

इधर सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शिक्षक के साथ छात्रा को भी अपने साथ थाना ले गयी। इधर मामले की जांच-पड़ताल के बाद आरोपी शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि इस मामले को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी ट्विटर पर पोस्ट कर झारखंड पुलिस से मामले की जांच कर दोषी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.7°c | 22.5°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.41 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# उच्च स्तरीय हो मोरहाबादी हॉकी स्टेडियम की व्यवस्था : हेमंत सोरेन

## एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप को लेकर किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची की मेजबानी में अक्टूबर में एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप होने जा रहा है। इस चैंपियनशिप को लेकर मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का रेनोवेशन चल रहा है। सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेडियम की व्यवस्था से जुड़े कई अहम दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।



### मोरहाबादी हॉकी स्टेडियम पहुंचे सीएम हेमंत

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम राज्य का इंटरनेशनल एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम है। इस स्टेडियम की व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय होनी चाहिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में बिछायी गयी आधुनिक ब्लू टर्फ का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि स्टेडियम में अभी रिनोवेशन का कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए दर्शक दीर्घा में लगी कुर्सियों की साफ-सफाई तथा पेंटिंग, स्टेडियम परिसर का रंगरोगन, मैदान के अंदर और बाहर लगी एलइडी स्क्रीन को दुरुस्त करने, स्टेडियम में चिह्नित जगहों पर स्पोर्ट्स पर्सन की फोटो लगाने, स्कोर डिस्प्ले स्क्रीन को बड़ा करने सहित कई अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से संबंधित दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिये।

### 27 अक्टूबर से होना है चैंपियनशिप

रांची की मेजबानी में 27 अक्टूबर से एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप होना है। यह एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप 5 नवंबर तक चलेगा। इस चैंपियनशिप में भारत के अलावा जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, मलेशिया और थाइलैंड की टीम भाग लेगी। स्टेडियम निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, नगर आयुक्त अमित कुमार, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**महात्मा गांधी जी के विचार, आदर्श, मार्गदर्शन को आत्मसात करें : हेमंत सोरेन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को गांधी जयंती के अवसर पर मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका पहुंच कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मौके पर बापू वाटिका स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर भजन मंडली के कलाकारों ने बापू के प्रिय भजन तथा राम धुन प्रस्तुत किये। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। हम सभी लोग आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती शिद्दत के साथ मना रहे हैं। आज यह प्रण लेने का दिन है कि किस प्रकार हम सभी लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार, आदर्श, मार्गदर्शन तथा उनका संदेश स्वच्छ मन, स्वच्छ सोच तथा स्वच्छ समाज की परिकल्पना को साकार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। हम सभी देशवासियों को इस बात का गर्व होना चाहिए कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसा व्यक्तित्व हमारे देश ने पाया था।



बापू के विचारों को अनुसरण करते हुए हमें त्याग और समर्पण की भावना से कार्य करने की आवश्यकता है, तभी सुखी एवं समृद्ध समाज की परिकल्पना पूरी होगी। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा, राज्य खादी बोर्ड के सीइओ आरसी बसेरा, टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बापू के सपनों को पूरा कर रहे पीएम मोदी : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और सुराज के सपनों को पूरा कर रहे। श्री मरांडी ने मोरहाबादी स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि गांधी के नाम पर वर्षों तक राजनीति हुई, लेकिन गांधी के ग्रामीण विकास, स्वावलंबी भारत और सुशासन के सपनों को तेज गति से पूरा होते देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि गांव को शहर से जोड़ने का पहला प्रयास श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी ने शुरू किया, जिसे मोदी जी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा। कहा कि चाहे शौचालय हो, या बैंक में जन धन खाता, गैस चूल्हा हो या फिर पक्के मकान ये शहरी और पैसे वालों की सुविधा मानी जाती थी, लेकिन आज गांव का एक सामान्य परिवार, गरीब परिवार इन सुविधाओं का लाभ ले रहा।



उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को समाप्त किये बिना सुशासन की कल्पना नहीं की जा सकती।आज प्रधानमंत्री के प्रयास से भ्रष्टाचार पर सख्त लगाम लगाने के तंत्र विकसित किये जा रहे। गरीबों, किसानों के खाते में सरकारी सुविधा का लाभ डीबीटी के माध्यम से मिल रहा। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने पूज्य बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि गांधी के विचार आज पूरे विश्व के लिए प्रासंगिक हैं। गांधी के विचारों पर अब दुनिया चिंतन कर रही।




आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
04

## नेशनल पब्लिक स्कूल में मनी गांधी और शास्त्री की जयंती



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के परसाबाद स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में गांधी, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने गांधी जी, लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं विद्यालय के निदेशक मोहम्मद मुस्ताक खान ने कहा कि सत्य और अहिंसा के प्रतिमूर्ति के रूप में गांधी जी जाने जाते थे। इन्होंने अपने देश को आजाद करने के लिए विभिन्न तरह के जन आंदोलन किया। जिसमें दांडी यात्रा, नमक सत्याग्रह, काफी लोकप्रिय हुए। करो या मरो नारे के साथ इन्होंने देश को आजाद करने में अपनी योगदान दिया। उन्होंने कहा कि इन्होंने अपने जीवन भर सत्य हिंसा के पथ पर चलते रहे। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था जय जवान जय किसान का। मौके पर कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें छात्रावास के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मौके पर वरीय शिक्षक मिथिलेश कुमार, अब्दुल वहाब, सद्दाम अंसारी, ऋतुराज सिंह, महेंद्र यादव, आसिया खान, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार सहित सभी शिक्षक गण और छात्र-छात्राओं मौजूद थे।

## पेंशनर समाज ने गांधी जी और शास्त्री जी का नमन किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 2 अक्टूबर को पेंशनर समाज कार्यालय कोडरमा में गांधी जयंती के अवसर पर गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर भारत के पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी नमन किया गया। पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी ने कहा कि एक और गांधी जी ने सत्य और अहिंसा का संदेश दिया वहीं दूसरी ओर लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश की एकता और समृद्धि पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष नारायण मोदी के अलावा संयुक्त सचिव राम नरेश चौधरी, सुभाष शर्मा, राजेंद्र सिंह, सीता प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, सहदेव प्रसाद उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर कोडरमा बाजार गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, नजारत उप समाहर्ता सना उस्मानी, जिला खनन पदाधिकारी दारोगा राय, प्रणन सचिव अभिषेक आनंद ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके साथ ही समाहरणालय परिसर में लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर भी उनके चित्र पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, नजारत उप समाहर्ता सना उस्मानी, पणन सचिव अभिषेक आनंद द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत कोडरमा, सहायक जनसंपर्क अधिकारी अविनाश कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## शौर्य जागरण रथ के सफल आयोजन के लिए जताया आभार



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल, उपाध्यक्ष सतीश पांडेय, मंत्री सदानंद सिंह, बजरंग दल प्रखंड संयोजक अजय यादव ने शौर्य जागरण रथ झुमरीतिलैया और कोडरमा आगमन के सफल संचालन के लिए कोडरमा जिला विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी सहित सभी लोगों को बधाई दिया है। विहिप अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल ने कहा कि झुमरीतिलैया, कोडरमा के विभिन्न चौक चौराहों पर सनातन धर्म के विभिन्न संगठनों के द्वारा शौर्य जागरण रथ यात्रा का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया है, उसके लिए बधाई के पात्र हैं। बधाई देने वालों में उप प्रमुख राज नारायण सिंह, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष महेश पांडेय, पोखराज राणा, सदानंद मोदी, गौतम सिंह, संतोष मोदी, टेक नारायण राम, राजेंद्र सिंह सुमन, वासुदेव पांडेय, विनोद गुप्ता, नीलकंठ सिंह, तापेश्वर सिंह, केदार मोदी, मुरली बैसखियार, महाराज सिंह, कारु राम, सुभाष साव सहित कई लोगों ने बधाई दिया है।

## नगर पंचायत में सफाई के उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत कोडरमा कार्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को 2 अक्टूबर गांधी जयंती समारोह के अवसर पर शशि शेखर सुमन नगर प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के द्वारा कर्मियों को सम्मानित किया गया। जिसमे कार्यालय कर्मी बालकृष्ण सिंह, पर्यवेक्षक पवन कुमार, चालक संजय कुमार, सफाई मित्र पुरुष हीरामन, सफाई मित्र महिला मीना देवी को सम्मानित किया गया। मौके पर नगर प्रबंधक अभिषेक प्रकाश, नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहु, कनीय अभियंता हरी सोरेन, लेखपाल रामदेव कुमार साव, सुपरवाइजर सुरेश राम, सौरभ कुमार, सन्नी कुमार, संतोष कुमार और अन्य सभी कर्मी उपस्थित थे।

## भाजपा बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल ने मनाया गांधी जयंती



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के द्वारा महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। नापो में बने बापु की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करते हुए जयंती मनायी इस मौके पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई भी की गयी। मौके पर मुख्य रूप मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मंत्री बिनोद महतो, महेश साव, हीरालाल साव, पारसनाथ साव, अनिकेत कुमार समेत कई कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की मनायी गयी जयंती

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कार्यालय विष्णुगढ़ में विश्व में अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले तथा भारत के आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और जय जवान जय किसान का नारा देने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामजन्म राय, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, जिला सचिव जगदीश बर्मन, प्रखंड सचिव गणपति स्वर्णकार, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष शिवप्रसाद लहकार, पंचायत समिति सदस्य अबरार अंसारी और उप मुखिया अकरम अंसारी शामिल हुए।

# महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर डीसी-एसपी ने श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**पूरा विश्व 2 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है, यह गर्व की बात है: नैंसी सहाय**



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** पूरा विश्व 2 अक्तूबर यानी गांधी जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाता है, यह हम भारतीयों के लिए गर्व की बात है। उक्त बातें उपायुक्त नैंसी सहाय ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कही। 2 अक्तूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने समाहरणालय परिसर अवस्थित बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया। इसी कड़ी में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने इंद्रपुरी चौक अवस्थित लाल बहादुर शास्त्री और गांधी स्मारक स्थल पर पहुंचकर उनके बलिदानों को याद किया तथा उनकी प्रतीमा में श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उन्होंने कहा राष्ट्र के प्रति सच्ची देशभक्ति की भावना जागृत करने में इन महापुरूषों का अहम योगदान है। इनका संपूर्ण जीवन हमसब के लिए अनुकरणीय है।

बापू की जयंती के अवसर पर उपायुक्त, पुलीस अधिक्षक, डीडीसी, एसडीएम और सहायक समाहर्ता ने खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, हजारीबाग में पहुंचकर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

**स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम**

बापू की 154वीं जयंती के अवसर पर जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाये जा रहें है। उपायुक्त ने कहा कि देश के प्रति प्रेम और स्वच्छता के प्रति कड़ा अनुशासन के मार्ग पर चल कर ही हम पूरी दुनियां में एक आदर्श राष्ट्र के रूप में जानें जा सकते हैं। स्वच्छता को आत्मसात कर देश को स्वछंजली देकर ही हम इन महापुरूषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजली अर्पित कर सकते है।

आपको बता दें की उपायुक्त ने समाहरणालय भवन परिसर अवस्थित गांधी जी के स्मारक को आत्मनिर्भरता की अविरल धारा, बापू का चरखा नाम दिया है।

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की मनायी गयी जयंती



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित सरगम इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत सरगम इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक राजेश सोनी, अध्यक्ष सहेश्वर दांगी, सचिव शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, उपसचिव शंकर दास, उपाध्यक्ष सरोज सोनी, स्कूल की प्राचार्य मुसर्रत परवीन ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की फोटो में माल्यार्पण करते हुए शुरूआत किया गया।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सरगम इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक राजेश सोनी ने महात्मा गांधी के बारे में बताते हुए कहा हमारे भारत को स्वतंत्रता दिलाने में महात्मा गांधी का अतुलनीय योगदान रहा और महात्मा गांधी जैसा महापुरुष विरले ही जन्म लेते हैं। वहीं प्राचार्य मुसर्रत परवीन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें महात्मा गांधी के बताए हुए अहिंसात्मक एवं सच्चाई के रास्ते पर चलना चाहिए। लाल बहादुर शास्त्री के सादगी भरे जीवन को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर सरगम स्कूल के बच्चो के बीच महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी के बारे में भाषण प्रतियोगिता और निबंध लेखन का कार्यक्रम भी आयोजन किया गया। जिसमें क्लास 1 से लेकर क्लास 10 तक के सभी बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक किशोर सोनी, कुतुबुद्दीन, साजिद, सपना, सबीना, रोशनी, सोनी, सुधा, तमन्ना, सरला, सपना, तंद्रा, ममता, संगीता कुमारी सहित अन्य शिक्षक और शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## बरही प्रेस क्लब ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** प्रखंड परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में बरही प्रेस क्लब की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बरही प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजदेव गुप्ता और संचालन सचिव सोनू पंडित ने किया। बैठक के पूर्व बरही प्रेस क्लब के सदस्य राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री व शेख भिखारी के चित्र पर उन्हें पुष्पअर्पित कर उन्हे श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात बैठक में कोष संग्रह सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। साथ ही बैठक में मौजूद सभी पत्रकारों ने बारी - बारी से अपने अपने विचारों को रखा। मौके पर सभी पत्रकारों ने सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत इशो सिंह, शिक्षाविद संजय वर्णवाल, अध्यक्ष राजदेव गुप्ता, सचिव सोनू पंडित, कोषाध्यक्ष जयदीप सिन्हा, उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा प्रजापति, दयानंद चौरसिया, बिपिन बिहारी पांडेय, उप सचिव कुनकुन स्वर्णकार, अमित स्वर्णकार, कार्यकारिणी सदस्य शोएब अख्तर, सुरेंद्र निषाद, रितेश गुप्ता, योगेंद्र प्रजापति, पंचम पांडेय, सोमनाथ ठाकुर व सदस्य धनंजय कुमार, राजेश केशरी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## मुखिया ललिता देवी ने आयुष्मान कार्ड का किया वितरण




आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** गांधी जयंती के अवसर पर आयुष्मान भवः सेवा को लेकर जरूरतमंद लाभुकों का निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया गया। बेलकपी मुखिया ललीता देवी ने उन लाभुकों के बीच आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। मौके समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, नंदू राणा, सीएचओ अर्पणा दास, सहिया साथी सुनीता देवी, सहिया लक्ष्मी देवी, रूबी देवी, आरती वर्णवाल, पार्वती देवी, गीता देवी, शंकुतला देवी, मेघनी देवी, संजय कुमार, सुरेन्द्र नायक व ग्रामीण शामिल थे।

## अहिवरण वंशज ने किया रक्त दान शिविर का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अहिवरण वंशज मोदी बर्णवाल समाज ने सोमवार को अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन झुमरी तिलैया के रामेश्वर वैली स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ आर के दीपक, रेड क्रास सोसाइटी के सुरेश पिलानियां, आरबीएस की प्राचार्य रश्मि प्रवीण बर्नवाल व अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर संयुक्त रूप से पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को हर 3 माह में रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कोडरमा के सामाजिक संगठन अहिवरण वंशज द्वारा इस तरह के आयोजन की सराहना की। जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि आपके रक्त से किसी का जीवन बच सकता है। यह महादान है। रेड क्रास सोसाइटी के डॉ आरके दीपक ने कहा कि रक्तदान सभी स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए। 18 से 55 साल के लोग रक्तदान कर सकते हैं। अहिवरण वंशज के अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी ने कहा कि संगठन द्वारा सामाजिक गतिविधियां के तहत हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन जाता है। रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं है। शिविर के परियोजना निदेशक विकास बर्णवाल ने भी संबोधित किया जबकि कार्यक्रम का समापन सचिव पंकज बर्णवाल ने धन्यवाद ज्ञापन कर किया। रक्तदान शिविर में प्रथम रक्तदान युवा अध्यक्ष अजय कुमार बर्नवाल ने किया। वही आरवीएस की शिक्षिका सृष्टि पाठक के आलवे पंकज बर्णवाल, साहिल मोदी, रोहित कुमार, सूरज कुमार, सुनील कुमार, उपेंद्र बर्णवाल, अमर गुप्ता, रितेश साहू, कृष्णा मोदी, मुरली मोदी, विकाश बर्णवाल, सूरज सौरभ, विक्रम कुमार, आनंद कुमार, बीरेंद्र मोदी, पीयूष पारस, अंकित कुमार, प्रिंस कुमार आदि ने रक्त दान किया। इस अवसर पर आरबीएस के निदेशक प्रवीण कुमार बर्णवाल, अरविंद सेठ, संतोष साव, पल्लव कुमार, अमित कुमार, वरुण मोदी, राम कुमार, शिवशंकर बर्णवाल, विक्की कुमार, सदर अस्पताल के कर्मचारी मदन कुमार, सूरज कुमार, नवीन कुमार, मिथुन कुमार, आरबीएस की शिक्षक मनाली कुमारी, प्रीति अजमानी, पूनम कुमारी, साची कुमारी, अन्नू कुमारी, सूर्यनारायण, सुदय कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## तैलिक साहू समाज ने महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित की



**इचाक (आजाद सिपाही)।** तैलिक साहू सामाज के द्वारा इचाक प्रखंड के मदनपुर गांव में गांधी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड कमेटी के साथ साथ पंचायत कमेटी के अलावे कई लोगों ने गांधी जी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रखंड अध्यक्ष महेश साव ने सामाज के पिछड़े और सामाज के अंतिम व्यक्ति तक गांधी जी के आदर्शों को पहुंचाने का निर्णय लिया और अपने सामाज के सभी घरों तक सामाजिक चेतना को जगाने पर जोर दिया। इस अवसर पर कमल गुप्ता, गणेश गुप्ता, भागीरथ साव पप्पू साव, शंकर साव, दीपक साव, शयामलाल साव, ज्ञानी साव, सिटा साव, दशरथ साव, संतोष साव पुनीत साव के अलावे बड़ी संख्या में महिला और बच्चों ने भाग लिया।

## कायस्थ महासभा ने मनायर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग जिला इकाई के द्वारा जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा के नेतृत्व मे चित्रांश शिरोमणि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शास्त्री चौक इंद्रपुरी के समीप बड़े धूमधाम से सभी की उपस्थिति में मनाया गया। शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए जय जवान जय किसान का नारा भी लगाया गया। साथ ही उनके द्वारा देश और समाज के लिए किये गये काम तथा उनके आचरण तथा विचारो को अनुसरण करने की सभी ने शपथ ली। इस कार्यक्रम मे महासभा के कई लोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा की अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का मुख्य उद्देश्य मानव जाती के हर उस अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर जहा तक हो उनकी मदद करना है। मौके पर मौजूद बृजमोहन प्रसाद, अजय एम्बसटा, शशिकांत, संजय कुमार सिन्हा, रूपेश बिहारी लाला, प्रबल प्रताप नारायण, राजीव रंजन, संजय सिन्हा, अरुण कुमार सिन्हा बैजनाथ लाल, प्रियम सिंन्हा के साथ -साथ महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अर्चना सिन्हा रश्मि लाल, मिताली रश्मि कुमकुम सिंन्हा, सरिता सिंन्हा, उषा सिंन्हा शोभा प्रसाद सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ में महात्मा गांधी की जयंती मनायी गयी



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विश्व अहिंसा दिवस मनाया गया। विष्णुगढ़ संघर्ष समिति के बैनर तले विष्णुगढ़ ब्लॉक कार्यालय के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी शहीद मंगल पांडेय के वंशज समाजसेवी सच्चिदानंद पांडेय भी शरीक हुए। मांडू विधानसभा युवा नेता गौरव पटेल मुखिया निर्मल कुमार पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी, चुन्नू लाल सोरेन, एकता परिषद राणा इकबाल खान, सुनील कुमार अकेला, सुनील बर्मन, रामजन्म राय, संजय सिंह, अरविंद कुमार लाकर, रीता देवी, बंटी श्रीवास्तव, शेखर सुमन, प्रकाश सिंह शहजाद, रीता देवी, मनीष श्रीवास्तव, अनुराग बर्मन, प्रोफेसर रंजन सुरेश राम, मिथिलेश बर्मन, राजेश्वर महतो, प्रो ओमकार नाथ, शर्मा राजू, श्रीवास्तव शामिल थे। इसके अलावा भाजपा पश्चिमी मंडल, एम्बिशन पब्लिक स्कूल, गाल्होबार पंचायत भवन, करगालो पंचायत भवन में भी गांधी जयंती मनायी गयी।

## टाटीझरिया के स्कूलों में स्वच्छता ही सेवा के रूप में मनी गांधी जयंती



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्कुलों पंचायत भवन पार्टी कार्यालयों में गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सोमवार को स्वच्छता ही सेवा के रूप में मनायी गयी। जिसमें शिक्षकों स्कूली बच्चों, सामाजिक कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर जयंती मनाया हाथों में झाडु लेकर सफाई अभियान चलाया। भाजपा कार्रयालय टाटीझरिया, नेशनल पब्लिक स्कुल, मध्य विद्यालय अमनारी, शिशु विकास विद्यालय झरपो, विवेकानंद विद्या मंदिर धरमपुर इंडियन पब्लिक स्कूल जेरूवाडीह, झारखंड पब्लिक स्कूल होलंग स्कुल, शहीद महेन्द्र प्रताप सिंह मेमोरियल स्कुल डुमर में भी गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी।

## भाजपा ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी केरेडारी इकाई के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी साथ ही बूथ सशक्तिकरण के निमित बैठक भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। भाजपाइयों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसा व सादगी को आत्मसात करने का भी संकल्प लिया तत्पश्चात बूथ सशक्ति करण हेतु बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में केरेडारी मतदान केंद्र का सत्यापन प्रवासी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के द्वारा किया गया व आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गयो साथ ही बैठक में प्रवासी अनिल मिश्र ने केरेडारी के 90 बूथ अध्यक्षों का नाम और मोबाइल नंबर और जन्मतिथि हेतु प्रपत्र की जांच कर सत्यापन किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, बद्री नारायण सिंह, बैजनाथ तिवारी, नरेश कुमार, राजेन्द्र सिंह, अवधेस सिंह, जयराम साव, अमित गुप्ता, बसंत यादव, कीर्तन राम, संतोष कुमार सिंह, बालगोविन्द सोनी सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## मुखिया ने गांधी जयंती के अवसर पर लोगों को दिया स्वच्छता संदेश



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** चेचकपी पंचायत भवन में 2 अक्टूबर को राष्ट पिता महात्मा गांधी की जयंती मनायी गयी। इस के शुभ अवसर पर मुखिया रीता देवी मुख्य रूप से उपस्थित थीं। मुखिया रीता देवी ने महात्मा गांधी के तस्वीर पर माला पहनाकर कर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान पंचायत की जलसहिया और मुखिया ने लोगों को स्वच्छ भारत स्वच्छ पंचायत बनाने संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि हम लोग अपना गांव ग्राम टोला में गंदगी नहीं फैलायेंगे। लोगों को गंदगी से फैलने वाली बिमारी और नुकसान के बारे में जानकारी दी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव, प्रताप सिंह, दशरथ सिंह, प्रकाश सिंह, वार्ड सदस्य जासो देवी, कुंती देवी, सुरेश सिंह, तिलक सिंह, महेंद्र सिंह, जलसहिया संजू देवी, मोनिका देवी, मोहन साव, प्रभु सिंह, राजेश साव, दिनेश सिंह, काली सिंह, अजय शर्मा, संजय सिंह, मंगल सिंह समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि और धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन

# गांधी जी के अस्थि कलश स्थल और दामोदर नदी के तट को पर्यटक स्थल के रूप में किया जायेगा विकसित: डीसी

बीरु कुमार








**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** गांधी जी के अस्थि कलश स्थल और दामोदर नदी तट को सुंदरीकरण के साथ साथ पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा, इलेक्ट्रिक शवदाह गृह मुक्ति धाम में जल्द चालू कराया जायेगा उक्त बातें सोमवार को गांधी घाट में मुक्तिधाम संस्था द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए डीसी चंदन कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि गांधी जी जयंती पर सभी संकल्प के साथ नयी जीवन की शुरूआत करें, जीवन में दुसरो के साथ कुछ करने से पहले ये सोचे कि उनके जीवन में क्या प्रभाव पड़ेगा। विकास की जो भी कार्य हो उसमे सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब भी आपको वहम हो और लगे कि आपने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल कर लिया है तो अपने आस-पास के सबसे कमजोर और अंतिम व्यक्ति को देखिए और विचार कीजिए कि आपने आज तक अपने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है, उससे उस व्यक्ति के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है क्या उसके जीवन में कुछ परिवर्तन हुआ और जब आप यह सोचेंगे तो आपका वहम खुद ही कम होने लगेगा। इसका तात्पर्य यह है कि कोई भी व्यक्ति बड़ा इससे नहीं होता कि उसने कितना धन कमाया या सोशल मीडिया पर उसके कितने फॉलोअर्स बढ़ा है। जब वह समाज के उस कमजोर और अंतिम व्यक्ति के लिए कुछ कर सकने में सक्षम हो या कर पाए, तो आज हम लोग इसी संकल्प के साथ इस गांधी जयंती की शुरूआत करें। श्रद्धांजलि सभा को पूर्व विधायक ममता देवी ने भी संबोधित किया।

**गांधी घाट का डीसी, एसपी सहित प्रशासनिक पदाधिकारी ने किया निरीक्षण:** श्रद्धांजलि सभा के उपरांत डीसी चंदन कुमार, एसपी पीयूष पांडे और जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी ने गांधी घाट का निरीक्षण किया। साथ ही गांधी घाट को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर मुक्तिधाम संस्था को अस्वस्थ की जल्द ही गांधी घाट पर्यटक स्थल के रूप में विकसित की जायेगी। मौके पर संस्था के कमल किशोर बगड़िया के द्वारा मुक्तिधाम संस्था के माध्यम से आम जनों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं आदि की जानकारी दी गयी।

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चाइल्ड वर्ल्ड के बच्चों ने स्वच्छता का दिया संदेश:** चाइल्डस वर्ल्ड विद्यालय के छात्र और छात्राओं के द्वारा शहर के थाना चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

**खाली हाथ आया है, खाली हाथ जायेगा, तूने जो कमाया है, दूसरा ही पायेगा...**

गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर मुक्तिधाम संस्था गांधी घाट के कमल बगड़िया ने गांधी जी पर आधारित गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान उन्होंने एक गीत के माध्यम से खाली हाथ आया है, खाली हाथ जायेगा, तूने जो कमाया है, दूसरा ही पायेगा आदि गीत प्रस्तुत किया।

**जयंती समारोह में ये थे उपस्थित:** जनसूचना पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, संस्था के राजकुमार अग्रवाल, संतु भाई माणिक, रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, विमल बुधिया, शहजादा अनवर, मंजीत साहनी, राजेश अग्रवाल, सरदार अनमोल सिंह, विजय मेवाड़ प्रभात अग्रवाल, बालकिशन जालान, अरुण बगड़िया, रचित अग्रवाल, वरुण बगड़िया, मानू चतुवेर्दी, मानिकचंद जैन, रंजन फौजी धनंजय कुमार पुटुस, डॉ अशोक बरेलिया, डॉ शरद जैन, डॉ के एन प्रसाद, अरुण राय, अरुण किरण मुखर्जी, घनश्याम महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सत्य, अहिंसा और त्याग को अनुशरण करने का लें संकल्प: एसपी

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए एसपी पीयूष पांडे ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में गांधी जी ने अपना बहुलमुल योगदान देकर भारत को स्वतंत्र कराया था। आज हम सभी को उनके जीवन मूल्यों को अनुसरण करने का संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सत्य अहिंसा और त्याग को अपने जीवन में अनुसरण करें, तभी स्वच्छ समाज की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर अगर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देनी है तो उनके आदर्शों और विचारों को अपने-अपने जीवन में अनुसरण करें।

### गांधी जी की प्रतिमा पर डीसी और एसपी ने किया माल्यार्पण

गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सर्वप्रथम डीसी चंदन कुमार, एसपी पीयूष पांडे, पूर्व विधायक ममता देवी, डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसडीओ मो जावेद हुसैन, सीडीपीओ किशोर कुमार रजक सहित जिले के तमाम प्रशासनिक पदाधिकारी ने गांधी जी की प्रतिमा पर मलार्पणकर श्रद्धांजलि दी।

## कुजू में धूमधाम से मनी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती



**कुजू (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कुजू में धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति की अगुवाई में सदस्यों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही, सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। मौके पर जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी, सुखदेव केशरी, डिम्पल प्रजापति, छोटन प्रजापति, शांति देवी, मन्सरी, सुमन देवी शामिल रहे। इधर, कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में मुखिया राकेश कुमार की अगुवाई में केक काटकर मनाया गया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी की तस्वीर पर मुखिया राकेश कुमार, पंचायत सेवक राजकुमार साहू, रोजगार सेवक सारा नाग सहित कई लोगों ने माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर ग्राम सभा के माध्यम से कई विकास योजनाओं का चयन किया गया। वही, कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में भी मुखिया ललिता देवी की अगुवाई में जयंती कार्यक्रम किया गया। मौके पर राजकुमार साव, रामाकांत पटेल, अशोक कुमार, फुलेश्वर साव कई लोग शामिल रहे। इधर, जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी के प्रतिनिधि ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू के द्वारा ओरला पंचायत में विभिन्न कुओं व नालियों में ब्लॉचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। वही, सीसीएल जीएम कुजू कार्यालय के सभागार में जीएम नीरज सिन्हा के नेतृत्व में गांधी जयंती मनाया गया। साथ ही, चित्र पर पुष्प अर्पित के बाद श्रद्धा सुमन की गई। मौके पर प्रताप रंजन, पवन सिंह, हेमंत सिंह, अभिमन्यु सिंह, संजय सिंह के अलावा कई मजदूर प्रतिनिधि मौजूद रहे। इधर, जोगियागढा बोंगावार में भाजपा बूथ अध्यक्ष अजय करमाली की अगुवाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्मोत्सव मनाया गया। मौके पर दुलाल पंडा, मुन्ना सिंह, शिखा देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ग्रामसभा का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में सोमवार को महात्मा गांधी एवं भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के तस्वीर पर माल्यापण और पुष्प अर्पित कर की गयी। ग्रामसभा की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी ने की। ग्रामसभा में सर्वसम्मति से वन अधिकार समिति का गठन किया गया। मौके पर मुखिया सत्यंवती देवी ने कहा की अपने दोनों महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर हमें देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम भूमिका निभाना है। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के दिवंगत निवासी कलाम अंसारी और ग्राम पंचायत हेसला के मुखिया की माता रामराजी देवी के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गयी। ग्रामसभा में मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, जल सहिया छुबि देवी, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, दया मुनि मुर्मू, रेणुका देवी, शकुंतला देवी, पुष्पा सिन्हा, अनीता देवी, बीना देवी, मनारा देवी, रंजू सिंह, एलिजाबेथ डोडराय, मंजू देवी, राधा देवी, इशरत जहां, किरण सिंह, प्रेमी सलोनी तिर्की, इस्थेर लकड़ा, जामा देवी, सीमा देवी, झरियो देवी, बिरसा उरांव, करण सिंह, मोनू झा, भीम सिंह, सुनील देवी, कलावती देवी, ज्योति कुमारी, महेश मांझी, रामप्रवेश भुंइया, राजू नायक, जितेंद्र नोनिया सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## जुबली कॉलेज में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की मनी जयंती




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साइड स्थित जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक और दो के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। समारोह की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर और महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। तत्पष्चात डॉ. महेन्द्र पाण्डेय, प्रो. देव प्रकाश प्रसाद, प्रो. राजेश कुमार, डॉ. एसपी दांगी, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा व विशेश्वर रविदास और छात्र छात्राओ ने भी गांधी जी व शास्त्री जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो अर्जुन कुमार मिश्रा और डॉ विशेश्वर रविदास ने किया। मौके पर डॉ मिथिलेश कुमार, मनोज कुमार, डॉ एसपी दांगी, डॉ. गोपाल विश्वकर्मा. डॉ. मनोज कुमार दास, भूषण शर्मा, कृष्णा, सोमनाथ दीप, जागृति, प्रो. रजनी कुमारी, अमन, करण, करण सहित दर्जनों विद्यार्थी थें।

## उपेंद्र नाथ वर्मा इंटर कॉलेज, चतरा में किया गया स्मार्ट क्लास का उद्घाटन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के प्रक्रिया गांव स्थित उपेंद्र नाथ वर्मा कॉलेज, में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता व विशिष्ट अतिथि ज़िप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर स्मार्ट क्लास कि उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद् सदस्य चंद्रदेव गोप, राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, अजय राम, अतीक मंसूरी, जिला अध्यक्ष महिला शारदा देवी, दीपक साहू, भोली साहू, मंदुर साव, दिनेश दांगी समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण अभियान



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर रविवार को गांधी जयंती पर सुकल्याणी हेल्थ सेंटर के तत्वावधान में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान डॉ के चंद्रा, नुपूर चंद्रा, डॉ मानस चंद्रा, डॉ प्रज्ञा सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों ने थाना चौक स्थित रामेश्वर मंदिर में दर्जनों फल व फूल के पौधे लगाये। पौधरोपण अभियान को संबोधित करते हुए डॉ के चंद्रा ने कहा कि पेड़-पौधों से मनुष्य का अस्तित्व जुड़ा है। जिसके लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पौधों को लगाने की आवश्यकता है। पौधारोपण अभियान में शामिल लोगों से उन्होंने सुकल्याणी हेल्थ सेंटर की ओर से लगाये गये पौधों को बचाने के लिए देखभाल करने को भी कहा। मौके पर मंदिर के पूजारी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

## रैयत विस्थापितों के साथ हो रहे शोषण का करेंगे विरोध : राजीव जायसवाल



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत कामता स्थित बीएम एल प्लांट प्रबंधन के खिलाफ कामता में ग्राम बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में रैयत विस्थापितो की बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता जय किशून साव और संचालन रंजन साव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जयसवाल उपस्थित हुए। बैठक में आगामी 13 अक्टूबर को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बीएमएल प्लांट के खिलाफ एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया है। जयसवाल ने कहा की वर्षों से प्लांट प्रबंधन के द्वारा यहां के लोगो का शोषण किया जा रहा है। लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि ने इनकी आवाज नही उठाई, इनके साथ हो रहे शोषण ओर अन्याय के खिलाफ मैं हर लड़ाई लड़ने को तैयार हूं। मौके पर हरिचरण साव, रवि साव, गुलशन कुमार, सुकेन्द्र साव, अमित साव, मुकेश साव, आकाश साव, फूलचंद साव, नवीन कुमार, बीरेंद्र कुमार, जयबीर साव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर डीसी ने किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शहीद स्मारक फांसी तालाब पहुंचकर उपायुक्त अबु इमरान ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री समेत शहीद जय मंगल पांडे तथा नादिर अली को स्मरण करते हुए उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर उपायुक्त के साथ डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा ही श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर सर्वधर्म समभाव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्मों के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए आपस में भाईचारा और प्रेम की भावना के साथ उनके दिखाये अहिंसा के राह पर चलने की बात कही। इसके साथ ही चतरा के इतिहास में शहीदों द्वारा दिये गये बलिदान को भी याद किया गया। उपायुक्त ने कहा कि हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नीति और सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाकर, उसे लागू करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके अलावा अनेक विद्यालयों के स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। इस दौरान बच्चों ने महात्मा गांधी अमर रहे, लाल बहादुर शास्त्री अमर रहें तथा भारत माता की जय का नारा लगाये।

### इंग्लिश सेमेट्री स्थल सौंदर्यीकरण का डीसी ने किया निरीक्षण



चतरा। महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर शहीद स्मारक स्थल पर महात्मा गांधी, स्व. लाल बहादुर शास्त्री और वीर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात उपायुक्त अबु इमरान ने बभने गांव में पारिस मैदान स्थित इंग्लिश सेमेट्री स्थल पहुंचकर किये गये चहारदिवारी निर्माण, रंग-रोगन समेत अन्य सौंदयकरण कार्य का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उक्त मौके पर उपायुक्त अबु इमरान ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को जिले के पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों के बैठने हेतु उच्च गुणवत्ता वाले कांक्रीट बेंच-टेबल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की है जरूरत: अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता




**पतरातू।** गांधी स्मारक समिति के तत्वाधान में पतरातू पीटीपीएस स्थित गांधी स्मारक मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद के पतरातू गांधी स्मारक पहुंचने पर समिति के सदस्यों ने बुके देकर स्वागत किया। इसके बात स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि की और नमन किया। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में झंडोत्तोलन कर आजादी के सभी शहीदों को नमन किया गया। इसके बाद बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक अंबा प्रसाद ने देशभक्ति गीत, बापू के गीत की प्रस्तुति करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया और कहा कि हमें महात्मा गांधी के आदर्शों एवं उनके कदमों पर चलने की आवश्यकता है। विधायक ने असहाय गरीबों के बीच वस्त्र का एवं भोजन का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण साहू और दिलीप प्रसाद ने किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुजित पटेल विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, अंजन प्रसाद, योगेंद्र खरवार, अनिल सिंह, संजीव सिंह, के के शर्मा, गांधी स्मारक समिति के संयोजक अंजन प्रसाद, अध्यक्ष वासुदेव प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डीएन सिंह, सचिव दिलीप प्रसाद, उप सचिव विजयलक्ष्मी सिंह, अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष लल्लन सिंह, उपकोषाध्यक्ष वेद प्रकाश, पुस्तकालय प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, पुस्तकालय सह प्रभारी दीपक उरांव, सलाहकार समिति के रामाक्षय सिंह, सुरेश पंडित, उपेंद्र प्रसाद यादव, प्रेम कुमार साहू, लक्ष्मण साहू, परमानंद केजरीवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## बरकाकाना कोडरमा पैसेंजर ट्रेन की समय सारिणी में बदलाव

**कुजू (आजाद सिपाही)।** रेलवे प्रबंधन द्वारा बरकाकाना - कोडरमा पैसेंजर ट्रेन के समय सारणी में बदलाव किया गया है। जिसके तहत ट्रेन नए समय पर बरकाकाना और कोडरमा से खुलकर कुजू स्टेशन पहुंचेगी। पहली ट्रेन सुबह 5:20 बजे बरकाकाना से खुलकर सुबह 5:42 पर कुजू स्टेशन पहुंचेगी और सुबह 5:44 में कुजू से खुलकर सुबह 9:20 बजे कोडरमा पहुंचेगी। वहीं, दूसरी ट्रेन सुबह 6:00 बजे कोडरमा से खुलकर सुबह 9:30 में कुजू पहुंचेगी, और सुबह 9:32 में कुजू से खुलकर सुबह 10:20 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। तीसरी ट्रेन शाम 5:45 बजे बरकाकाना से खुलकर शाम 6:07 में कुजू पहुंचेगी, और शाम 6:09 में कुजू से खुलकर रात 10:10 बजे कोडरमा पहुंचेगी। वहीं, चौथी सवारी ट्रेन शाम 5:40 बजे कोडरमा से खुलकर शाम 8:47 में कुजू पहुंचेगी, और शाम 8:49 में खुलकर रात 10:10 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। यह जानकारी रेलवे स्टेशन प्रबंधक देवेश कुमार ने देते हुए बताया कि यह समय सारणी एक अक्टूबर से जारी है।

## महात्मा गांधी जयंती पर भुरकुंडा पंचायत में विशेष ग्रामसभा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सोमवार को विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने की। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के तसवीर पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर मुखिया अजय पासवान ने गांधी जी व शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी जयंती सिर्फ उत्सव का दिन नहीं बल्कि चिंतन का भी दिन है। यह हमें उन सिद्धांतों की याद दिलाता है जिनके लिए गांधी जी खड़े थे। मुखिया द्वारा उपस्थित लोगों को जल, जंगल व जमीन और उनके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने का सामूहिक शपथ भी दिलाई गयी। ग्रामसभा में प्रवीण कुमार, मिथुन कुमार, संजीत राम, रोशन पासवान, विजय दुबे, लाली करमाली, अरविंद तिवारी, विजय पासवान, शिवकुमार दास, किरण तिवारी, प्रीति देवी सुनीता देवी, रूपा देवी, विमला देवी, पम्मी देवी, आशा देवी, मधुमिता दास, अर्पण दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# पुलिस मेंस एसोसिएशन के चुनाव में 94 प्रतिशत हुई वोटिंग

**करण यादव और राजीव रंजन गुट के बीच है लड़ाई**

**पांच निर्दलीय प्रत्याशियों की किस्मत भी लगी दांव पर**

आजाद सिपाही संवाददाता






**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव बेहद दमदार तरीके से हुआ। इस चुनाव में 94.10 प्रतिशत वोटिंग ने प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन को बढ़ा दिया है। इस चुनाव में करण यादव गुट और राजीव रंजन कुमार चौधरी गुट के बीच की लड़ाई काफी नजदीकी तौर पर देखी जा रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि पांच निर्दलीय प्रत्याशियों की किस्मत भी दांव पर लगी है। किसकी जीत होगी और किसके हाथ शिकस्त लगेगी इसका फैसला मतगणना के बाद होगा। मुख्य चुनाव पदाधिकारी अमित कुमार तिवारी ने बताया कि संगठन के चुनाव में करण यादव और राजीव रंजन कुमार चौधरी ने अपने गुट के प्रत्याशियों के साथ चुनाव लड़ा। लेकिन इस बीच कोषाध्यक्ष पद पर कुंज बिहारी चौबे और अजय कुमार महतो, उपाध्यक्ष पद पर मनोज कुमार कुशवाहा, अंकेक्षक पद पर सुमन उरांव और केंद्रीय सदस्य के पद के लिए रणविजय कुमार राय ने निर्दलीय पर्चा भरा। उन सभी की किस्मत को लेकर मतदाताओं ने वोट किया है। इस संगठन में कुल 540 वोटर थे। जिसमें से 508 लोगों ने वोट किया है।

### चुनाव में 508 वोट पड़े

मुख्य चुनाव पदाधिकारी अमित कुमार तिवारी ने बताया कि 540 वोट में से 32 वोट नहीं पड़ने की वजह यह रही है कि कुछ सदस्य अवकाश पर थे। कुछ लोगों का दूसरे जिले में डेपुटेशन हो गया है। लेकिन इसके बावजूद मतदाताओं का उत्साह काफी अच्छा रहा। उन्होंने बताया कि उनके सहयोगी विष्णु उरांव, मुन्ना सिंह, सुनील कुमार, संजय कुमार गन, मानिक चंद्र उपाध्याय, विपिन कुमार पांडे, रोशन कुमार गौतम और विक्रम महतो मतगणना के बाद रिजल्ट जारी करेंगे।

## डीएवी में मनायी गयी गांधी और शास्त्री की जयंती



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** डीएवी बरकाकानाना ने अहिंसा और त्याग के प्रतीक महात्मा गांधी और लाल बाबू शास्त्री की जयंति मनायी। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र ने महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध कृति मैं फिर जन्म दूंगा का सस्वर पाठ किया। महात्मा गांधी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने कहा कि आज भी महात्मा गांधी का जीवन उतना ही प्रासंगिक है जितना आजादी से पहले था। कार्यक्रम के अंत में गांधी का प्रिय भजन वैष्णव जन को गाया गया। इस अवसर पर गांधी के जीवन से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# बेलगाम अलगाववादी

खालिस्तानी चरमपंथियों के सवाल पर कनाडा से चल रहे विवादों के बीच ब्रिटेन के ग्लासगो में भारतीय उच्चायुक्त को गुरुद्वारा जाने से रोके जाने की जो घटना सामने आई है, वह इस पूरे मामले की गंभीरता को कई गुना बढ़ा देती है। यह वाकई चिंताजनक है कि स्कॉटलैंड के ग्लासगो गुरुद्वारा में पहले से तय एक कार्यक्रम में शिरकत के लिए जा रहे भारतीय उच्चायुक्त की गाड़ी गुरुद्वारे के पार्किंग में ही रोकी गई, खालिस्तान समर्थक तीन व्यक्तियों ने न केवल धमकियां और गालियां दीं बल्कि उच्चायुक्त की कार के दरवाजे भी जबरन खोलने के प्रयास किए। अच्छा हुआ कि आयोजन से जुड़े कुछ लोगों ने समय पर हस्तक्षेप करते हुए इन लोगों को रोका और खुद उच्चायुक्त ने भी हालात को और बिगड़ने से बचाने के लिए तत्काल गाड़ी वापस लेने का फैसला कर लिया। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में ब्रिटेन सरकार और वहां के पुलिस महकमे को बताया गया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोबारा न हो। लेकिन यह घटना भी कई सवाल खड़े करती है। गौर करने वाली बात है कि ग्लासगो के ये खालिस्तानी तत्व भी कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान का हवाला देते हुए भारतीय उच्चायोगकर्मियों के गुरुद्वारे में आने का विरोध कर रहे थे। ध्यान रहे, कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अपने देश की संसद में जो आरोप भारत पर लगाया, उसके पक्ष में कोई भी सबूत वहां की सरकार अभी तक पेश नहीं कर पाई है। फिर भी खालिस्तानी तत्वों को उनके इस आधारहीन, साक्ष्यहीन आरोप ने एक आड़ दे दी है जिसके सहारे अब वे पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा सुविधाजनक ढंग से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर सकते हैं। ग्लासगो की घटना बताती है कि कनाडा से शुरू हुई यह बीमारी फैल रही है। इससे पहले कि यह अन्य देशों में भी सिर उठाए, इसे रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। विदेश मंत्री जयशंकर ने सही कहा है कि दूतावास के परिसर पर हमले करना और दूतावास के अधिकारियों-कर्मचारियों को धमकी देना एक खतरनाक ट्रेंड है। इसे नॉर्मलाइज करना बेहद नुकसानदेह साबित हो सकता है। इससे न केवल दूतावास से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए अपना काम करना मुश्किल होता है बल्कि दो देशों के आपसी रिश्तों पर भी असर पड़ सकता है। ध्यान रहे, ग्लासगो गुरुद्वारे का कार्यक्रम भी समुदाय के लोगों और कॉन्सुलर से जुड़े मुद्दों पर बातचीत से संबंधित था, जिसे बाधित करना खालिस्तानी तत्वों की सोची-समझी योजना का हिस्सा हो सकता है। बहरहाल, कनाडा के पीएम की जो भी राजनीतिक मजबूरियां हों, बाकी देशों को यह समझना ही चाहिए कि आतंकवाद से दुनिया की लड़ाई तब तक अधूरी है जब तक उसमें आतंकवाद के सभी रूपों को शामिल करते हुए उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति नहीं अपनाई जाएगी।

**कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद के बीच, ब्रिटेन में खालिस्तानियों ने भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी को गुरुद्वारे जाने से रोक दिया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के देश में स्वतंत्रता या तानाशाह से मुक्ति पा सकता है? इस यक्ष प्रश्न का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे। पूरा विश्व एक नया पाठ पढ़ रहा था कि 'सत्याग्रह' के बल पर अपनी बात मनवाई जा सकती है, शान्तिपूर्वक उपवास रखकर आन्दोलन करने से अपने हक की लड़ाई लड़ी जा सकती है, यह एक क्रान्तिकारी विचार था। क्रांतिकारी इसलिये कि सुविधाहीन कई देशों में 20वीं सदी के प्रारम्भ में स्वतंत्रता की बात वो भी, बिना रक्तपात के सोचना एक आश्चर्य से कम नहीं था।**

# गांधी : युग से आगे तक


**शैलेन्द्र भाटिया**

ऊंचे परधर्म से नीचा स्वधर्म अच्छा है। स्वधर्म में मौत भी अच्छी है, परधर्म भयावह है। गीता के उक्त श्लोक का उल्लेख बापू गांधी ने अपनी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग' में करते हुए कहा है कि देशभक्त को देश सेवा के एक भी अंग की यथासम्भव उपेक्षा नहीं करनी चाहिये। गांधी का आविर्भाव एक युग का आविर्भाव है। बचपन में 'श्रवण-पितृभक्ति नाटक' और हरिश्चन्द्र की कथा को आत्मसात करने वाले मोहनदास पग-पग प्रयोग किये एवं सत्य को चुनते गये। गांधी जी 10 जून सन् 1891 को बैरिस्टर बने थे। मोहनदास सितम्बर सन् 1888 में जब विलायत में बैरिस्टर पढ़ने के लिये रवाना हुए तो उनकी उम्र मात्र 18 वर्ष थी।

इस युवावस्था में ही इन्होंने एडविन आर्नल्ड की 'गीता' व 'बुद्धिचरित' पढ़ा, मैडम बलवास्तकी की पुस्तक 'की टू थियोसाफी', बाईबिल (ओल्ड टेस्टामेण्ट एवं न्यू टेस्टामेण्ट) पढ़ी, यहीं पर इन्होंने ईसा के 'गिरि-प्रवचन' की 'गीता' से तुलना की। लैटिन व फ्रेंच भाषा के जानकार मोहनदास ने यहीं पर ब्रम का 'कामन-ला', स्नेल की 'इक्विटी', विलियम्स और एडव्रर्ज की 'स्थावर संपत्ति', गुदीप की 'जंगम संपत्ति' और मेडन का 'हिन्दू-ला' पढ़ा। विलायत में बैरिस्टर की शिक्षा ने श्रवण कुमार, हरिश्चन्द्र, रामायण का ज्ञान रखने वाले मोहनदास को जहां विश्व के अनेक धर्मों से रूबरू कराया वहीं आधुनिक कानून की पढ़ाई का समन्वय कराकर एक 'तार्किक' मोहनदास का उदय हुआ।

**गांधी जी का कहना था कि सत्य की शोध के मूल में अहिंसा है। जब तक अहिंसा हाथ में नहीं आती, तब तक सत्य मिल ही नहीं सकता।**

मोहनदास बैरिस्टर बनकर 12 जून सन् 1891 में 'आसाम' जहाज से, भारत के लिए रवाना हुए। अब मोहनदास लौटे तो 22 वर्ष के थे और फिरोजशाह मेहता या बदरूद्दीन तैय्यब जी जैसे कड़क वकील बनना चाहते थे। परन्तु मि. फ्रेडरिक पिंकट ने कुछ व्यवहारिक ज्ञान लेने के लिये और मेलेसन की पुस्तक 'सन् 1857 के गदर की' किताब पढ़ने की सलाह दी। भारत लौटने पर पहला मुकदमा 'ममीबाई' का मिला। मुकदमें लड़ने की हिम्मत न आने व जज के सामने घबराकर मुकदमा छोड़कर मेहनताना के 30 रुपए लौटाने वाले मोहनदास देश से अंग्रेजों को भगाने का सबसे बड़ा मुकदमा (आन्दोलन) लड़ेंगे, यह किसी को आभास नहीं था।



**सन् 1915 से लेकर भारत छोड़ो आन्दोलन सन् 1942 तक 27 वर्षों के आन्दोलन अवधि में गांधी कई रूपों में अवतरित हुए। भारतीयों के मन को टटोलना, आन्दोलन की गति को देखना, आन्दोलन के लिये उचित समय का इंतजार करना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा बनाये रखना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा की पहचान करना आदि कई ऐसे विशिष्ट गुण थे, जो गांधी जी को अन्य से अद्वितीय बनाते हैं।**

मोहनदास पोरबन्दर की एक मेमन फर्म का दक्षिण अफ्रीका के चालीस हजार पौण्ड के दावे का मुकदमा लड़ने वाले वकील-बैरिस्टर की मदद के लिये दादा अब्दुल्ला के साझी सेठ अब्दुल करीम के प्रस्ताव पर द. अफ्रीका जाने के लिये राजी हुये। यह एक प्रकार की नौकरी थी, बदले में निवास तथा भोजन खर्च के अलावा 105 पौण्ड मिलना था। मोहनदास अप्रैल सन् 1893 में जब द. अफ्रीका गये तो 24 वर्ष के थे, जब लौटे तो 46 वर्ष के थे। 22 वर्ष द. अफ्रीका प्रवास रंगभेद के कड़वे अनुभवों से शुरू हुआ था जो बहुत कुछ भारत में प्रचलित छुआछूत जैसा ही था। नेटाल की राजधानी मेरित्सबर्ग में रेल के प्रथम श्रेणी का टिकट होने के बावजूद भी गोरे-काले के भेद के आधार पर ट्रेन से उतार देने की घटना मोहनदास को अपने अधिकारों के लिये लड़ने की सबसे बड़ी प्रेरक घटना बनी। सन् 1893 के बाद बीच में गांधी जी सन् 1896, सन् 1901 में भारत लौटे थे।

अपने राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले के हस्तक्षेप से कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में प्रवेश पाने वाले गांधी आने वाले दिनों में देश के पर्याय बनने वाले हैं, इसका किसी को रंचमात्र भी यकीन नहीं था। ज्ञान के लिये अनेकोनेक पुस्तकों का अध्ययन करने वाले गांधी अब मोहनदास से बदलकर मि. गांधी हो चुके थे, वे पहचाने जाने लगे थे। द. अफ्रीका अब आन्दोलन की नर्सरी बन चुका था। नये नये प्रयोग गांधीजी शुरू कर चुके थे। गांधी जी का कहना था कि सत्य की शोध के मूल में अहिंसा है। जब तक अहिंसा हाथ में नहीं आती, तब तक सत्य मिल ही नहीं सकता।

भारतीय इतिहास में तीन महत्वपूर्ण वर्ष है, सन् 1757, सन् 1857 एवं सन् 1947। अंग्रेजो ने सन् 1757 से सन् 1947 तक कुल 190 वर्षों तक हिन्दुस्तान पर शासन किये। इन 190 वर्षों में से 158 वर्ष ऐसे समय में राज्य किया था, जब गांधी एक आन्दोलन बन नहीं उभरे थे। जब गोखले के निमंत्रण पर गांधीजी सन् 1915 में हिन्दुस्तान पहुंचे तो यह एक बड़ी और उल्लेखनीय घटना थी। उल्लेखनीय इसलिये कि स्वतंत्रता के लिये नरम-गरम दल अपने-अपने ढंग से लड़ाई लड़ रहे थे, कई क्रान्तिकारी फांसी पर झूल गये थे, तो कई जगह करों को न देने के लिये विद्रोह हो रहा था, पर पूरे देश में स्वतंत्रता के लिये एकल नेतृत्व या अखिल भारतीय नेतृत्व किसी एक नेता को प्राप्त नहीं था। गांधी के आगमन से एक आन्दोलन के लिए एक पृष्ठ भूमि का आधार तैयार होना शुरू हुआ। क्रान्तिकारी विचार के देशभक्तों ने भी गांधीजी के व्यक्तित्व के सामने अपनी स्वीकारोक्ति दी।

सन् 1915 से लेकर भारत छोड़ो आन्दोलन सन् 1942 तक 27 वर्षों के आन्दोलन अवधि में गांधी कई रूपों में अवतरित हुए। भारतीयों के मन को टटोलना, आन्दोलन की गति को देखना, आन्दोलन के लिये उचित समय का इंतजार करना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा बनाये रखना, आन्दोलन के लिये ऊर्जा की पहचान करना आदि कई ऐसे विशिष्ट गुण थे, जो गांधी जी को अन्य से अद्वितीय बनाते हैं। आन्दोलन के इस पारखी प्राणी ने पूरे देश को एक कर दिया था। दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत तक अब एक भारत, एक आवाज, एक आन्दोलन बन गया था। सर्वसुलभ, प्राकृतिक समुद्री जल से बने 'नमक' को जो सभी घरों में विद्यमान है, भी एक आन्दोलन का प्रतीक बन सकता है, यह गांधी ही कर सकते थे। एक मुठ्ठी नमक उठा कर नमक कानून तोड़ने की यह घटना सभी भारतीयों को एकसूत्र में बांधने वाली घटना थी।

क्या कोई देश बिना रक्त क्रांति के देश में स्वतंत्रता या तानाशाह से मुक्ति पा सकता है? इस यक्ष प्रश्न का हल महात्मा गांधी बन कर उभरे। पूरा विश्व एक नया पाठ पढ़ रहा था कि 'सत्याग्रह' के बल पर अपनी बात मनवाई जा सकती है, शान्तिपूर्वक उपवास रखकर आन्दोलन करने से अपने हक की लड़ाई लड़ी जा सकती है, यह एक क्रान्तिकारी विचार था। क्रांतिकारी इसलिये कि सुविधाहीन कई देशों में 20वीं सदी के प्रारम्भ में स्वतंत्रता की बात वो भी, बिना रक्तपात के सोचना एक आश्चर्य से कम नहीं था। कई देशों में नये चमकने वाले सूर्य की रोशनी का केन्द्र महात्मा गांधी बने। आज भारत विश्व में जो कुछ नामों से जाना जाता है, उसमें महात्मा गांधी एक प्रमुख नाम है। **(लेखक : यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में विशेष कार्याधिकारी हैं)**

## ओड़िशा/जमशेदपुर की खबरें

### भाजपा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया नमन

# पीएम मोदी ने खादी को बनाया 'लोकल से ग्लोबल' ब्रांड : रघुवर दास

**खादी वस्त्रों की खरीददारी कर 'वोकल फॉर लोकल' का दिया संदेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को पूरे श्रद्धाभाव से मनाया। सोमवार को मानगो गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद विद्युत वरण महतो, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की



आदमकद प्रतिमा पर व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन की। इस दौरान कार्यकताओं ने राष्ट्रपिता 'महात्मा गांधी अमर रहे' व 'लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे' के नारे लगाकर उनके बताए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। इसके पश्चात सभी अथितियों ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं संग बिस्टुपुर खादी भंडार से खादी वस्त्रों का क्रय कर खादी अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा पूरा भारतवर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मना रहे। पूज्य महात्मा गांधी ने हमेशा स्वच्छ भारत और स्वदेशी का आह्वान किया। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया। महात्मा गांधी खादी को बढ़ावा देने के लिए लोगों से खादी वस्त्र धारण करने की अपील करते थे। उन्हीं के प्रेरणा से प्रधानमंत्री मोदी भी 'वोकल फॉर लोकल' व 'आत्मनिर्भर भारत' की बात करते हैं। ताकि स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा मिल सके।वहीं सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा स्वतंत्रता में संघर्ष के दौरान महात्मा गांधी के खादी वस्त्र की भूमिका अतुलनीय थी। महात्मा गांधी ने देशवासियों को पहली बार स्वदेशी का नारा देकर खादी वस्त्र के लिए धागे तैयार करना व उससे खादी वस्त्र बनाने का मंत्र दिया। इस प्रकार यह एक आंदोलन बन गया। देश में खादी की चर्चा होने लगी। पूरे देश में खादी देशभक्ति का ब्रांड बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर खादी पुनः एक बार देशवासियों की पसंद बन रही है। विदेशों में भी खादी की मांग में बड़ी वृद्धि हुई है। मौके पर प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा,महानगर अध्यक्ष गुंजन, देवेंद्र, राजेश शुक्ला, नीरज, डॉ राजीव, विकास सिंह, बबुआ, जितेंद्र, राजीव, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र,अमित, बिनोद, अमरेंद्र, प्रशांत, चंचल, उमेश, नित्यानंद, दशरथ, नितिन, अर्जुन, शिवप्रकाश, विजय तिवारी, सुशील पांडेय, मनोज गिरी, तन्मय झा, राहुल कुमार, ऋतू विश्वकर्मा समेत अन्य उपस्थित रहे।

## टाटा मोटर्स ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में देश के दो महान विभूति राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उनके जीवनी का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसा की हथियार को आज की युवाओं को अपनाना चाहिए। आम आदमी के निजी जीवन व सामाजिक जीवन में भी जो उथल-पुथल है उसका रास्ता बापूजी के जीवनी को पढ़कर पाया जा सकता है। सादा जीवन उच्च विचार के उदाहरण के तौर पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन को अनुकरण करना चाहिए। मौके पर अध्यक्ष गुरमीत ने अपने विचार को व्यक्त करते हुए कहा दोनों महान शख्सियत हम लोगों को सामाजिक जीवन में त्याग व बलिदान का उदाहरण पेश करते हैं। हम सबको थोड़ी-थोड़ी इच्छाओं को और अपेक्षाओं को बलिदान कर बेहतर समाज निर्माण में भागीदारी बननी चाहिए। उन्होंने हृदय से दोनों विभूतियों को नमन किया। इस अवसर पर यूनियन के सभी पदाधिकारी कमेटी मेंबर व आर के सिह फैंस क्लब के सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा व धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल ने किया।

## झामुमो ने गांधी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर ब्लीचिंग पाउडर का किया वितरण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** राहरगोरा चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती मनाया गया। झामुमो नेताओ के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्रामीणों के बीच ब्लीचिंग पाउडर का वितरण किया गया। इस अवसर पर झामुमो के सक्रिय सदस्य राजू सामंत, जय किशन सिंह, भूपती सरदार, शशि लोहरा, जलेश्वर शाह, अमित दास, छोटे सरदार, राजेश मुण्डा, दिनेश गिरी आदि मौजूद रहे।

# ऊंचे पदों पर बैठे लोग संकल्प लेकर गरीबों के कल्याण के लिए अवश्य सोचें : अमरप्रीत काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर जम्बू अखाड़ा समिति के संरक्षक बंटी सिंह के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा सह सफाई कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को सम्मान समारोह में मुख्य अथिति नमन संस्था के संरक्षक सह शहर के प्रसिद्ध समाज सेवी अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। मौके पर उन्होंने जम्मू अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पगुच्छ भेट पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर मुख्य अथिति अमरप्रीत सिंह काले



के हाथों कोरोना के दौरान देश सेवा में समर्पित एमजीएम अस्पताल के सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया। मौके पर काले ने सफाईकर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा आप वैसे निडर व निर्भीक लोग हैं जिन्होंने कोरोना काल में अपने पूरे तन मन से डटकर देश सेवा में खुद को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा आप सभी को सम्मानित करना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा अत्यंत सौभाग्यशाली मानता हूं की मुझे आप जैसे महान लोगों को सम्मानित करने का अवसर मिला। श्री काले ने कहा अगर हम गरीबों को सम्मानित करते हैं तो हमारा धर्म व कर्तव्य है उनकी चिंता करना। गरीबों के बच्चे को अच्छी शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए सभी शहर के सक्षम लोगों को प्रयास करना चाहिए। तब जरूरतमंदों के चेहरे में मुस्कान देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा गरीब वह नहीं है जो झोपड़ी में रहते है गरीब वह भी नहीं है जिसके घर में दो वक्त की रोटी नहीं है गरीब तो वह है जो अमीर भी है और संपन्न भी। बड़े महलों में रहकर भी गरीबों के बारे में नहीं सोचते। सैकड़ो सफाई कर्मी व अन्य उपस्थित रहे। मौके पर जंबू अखाड़ा के संरक्षक बंटी सिंह, अध्यक्ष बृज किशोर, हर हर महादेव सेवा संघ के अखिलेश पांडे, अर्पण संस्था के जूगुन, रणबीर मंडल, रविन्द्र, काकुली, आरती, रंजीता, विक्रम, बिभाष, शेखर मुखी, सुमन, अनिल, पंकज, यश मेहरा, अमन, सूरज, लखखीकांतो, गौरव, गणेश चंद्र, रवि विश्वनाथ, बासु, बिपुल कुमार पांडे सहित सैकड़ो सफाई कर्मी व अन्य उपस्थित रहे।

## कीट- कीस में मनायी गांधी और शास्त्री जयंती





**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूरे विश्व में राष्ट्र के पिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई जाती है। इस मौके पर सोमवार को कीट और कीस में भी राष्ट्रपिता महात्मागांधी और भारत के पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनायी गयी। महात्मा गांधी जी की 154वीं जयंती के अवसर पर कीट और कीस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत ने कीस परिसर में गांधीजी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रो सामंत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के हाशिये पर पड़े और उपेक्षित लोगों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने का महात्मा गांधी जी का सपना कीस के माध्यम से पूरा हुआ है। इस अवसर पर कीस के विद्यार्थियों द्वारा रामधुन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रो अच्युत सामंत ने छात्रों को मिठाई वितरित की। गौरतलब है कि गांधी जयंती के अवसर पर पहली अक्टूबर और आज दो अक्टूबर दो दिनों तक कीट शिक्षण संस्थानों और कीस में स्वच्छता अभियान में कीट और कीस के संस्थापक अच्युत सामंत, संस्थान के छात्र, कुलाधिपति, उप-कुलपति सहित, रजिस्ट्रार, कीम्स के डॉक्टरों के समेत अन्य कर्मचारी आदि शामिल मिल हुए। इस मौके पर श्री सामंत जी ने छात्रों को स्वच्छता के बारे में निर्देश दिया और साथ ही कीट और इसके आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## गांधी जयंती पर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल ने शांति मार्च निकाला




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस विश्व सेवा सप्ताह का आज पहला दिन दो अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल के अध्यक्ष ला. डॉ कमलेश कुमार की अध्यक्षता में शान्ति मार्च निकाला गया। ये शान्ति मार्च लायंस विशाल कार्यालय मझिआंव मोड़ से शुरू होकर सदर अस्पताल परिसर गढ़वा में सम्पन्न हुआ। इस शान्ति मार्च में लायंस विशाल के साथ-साथ लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सीटी, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन ने संयुक्त रूप से शान्ति मार्च निकाल कर आम जनों को के बीच महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर अपने अपने विचार व्यक्त किए और अध्यक्ष डॉ कमलेश कुमार ने कहा कि शान्ति के पुजारी थे गांधी जी। आज के नये युग के युवाओं को गांधी जी और शास्त्री जी के जीवन को पढ़ने और समझने की जरूरत है और उनके बताए गए मार्ग पर आप चलेंगे तो निश्चित हमारा देश और भी उन्नति करेगा। क्योंकि भारत युवाओं का देश है और आप सब हैं देश के भविष्य। आज के शान्ति मार्च में डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, डॉ एनके रजक, ब्रजमोहन प्रसाद, रघुवीर प्रसाद कश्यप, नन्दलाल प्रसाद गुप्ता एवं सभी लायंस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ डीएवी पब्लिक स्कूल के बहुत सारे छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में गांधी और शास्त्री जयंती मनायी गयी




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नारायणपुर, टंडवा स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गयी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा बापू एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सामाजिक शास्त्र शिक्षक सत्य प्रकाश वर्णवाल के द्वारा बच्चों को संबोधित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और अनुशासन सिद्धांत तथा उनके द्वारा किये गए कार्यों से अवगत कराया गया। वहीं लाल बहादुर शास्त्री के द्वारा देशहित में किये गए कार्यों का उल्लेख किया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी अपने भाषण प्रस्तुत किए। इस मौके पर मुख्य रूप से निदेशक अनूप सोनी, विद्यालय सचिव आलोक सोनी, ट्रस्टी धीरज राज व आकाश कुमार, विद्यालय के शिक्षकगण सुमित कुमार, अमित कुमार, सूरज कुमार ठाकुर, सत्य प्रकाश वर्णवाल, आलोक कुमार, सुधांशु कुमार मिश्र, कविता चौधरी, सोनी कुमारी, नेहा प्रीति, अंजलि कुमारी, सबनम खातून, सादिया खान, शशि लता, रश्मि सिन्हा, रागिनी कुमारी एवं कर्मचारीगण भी मौजूद थे।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ज़िला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती उनके चित्र पर फूल व माला चढ़ा कर मनायीा गयी। इस मौके पर ज़िला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी उदय नारायण तिवारी, अल्पसंख्यक कांग्रेस ज़िला चेयरमैंन जफर एकबाल, ज़िला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, राजेश रजक, ज़िला सचिव दिवाकर चौबे, मझिआंव प्रखंड अध्यक्ष आनंद यादव, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, खालिद अशरफ, जगदीश यादव, मंसूर अंसारी, चंद्रसेन यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**बैठक :** 101 जोड़े का सामूहिक विवाह को सफल बनाने को लेकर बैठक में बीडीओ ने कहा

# सभी को मिलकर सामूहिक विवाह को सफल बनाना है

**गढ़वा जिले में कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी 6 दिसंबर को 101 कन्याओं का करायेगी सामूहिक विवाह**






आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के द्वारा चलाए जा रहे दहेज प्रथा बाल विवाह को बहिष्कार हेतु अभियान तथा 6 दिसंबर को आयोजित 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह को सफल करने के लिए जिले के विशुनपुरा प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मानक केरकेट्टा, प्रखंड प्रमुख 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेंद्र देव, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, जेएसएलपीएस की प्रबंधक मोनिका, उपाध्यक्ष व पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका, रोजगार सेविका एवं सेवक के साथ संस्था सचिव विकास कुमार माली बैठक में उपस्थित थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रमुख तथा 20 सूत्री अध्यक्ष ने इस कार्य को सराहनीय बताते हुए सभी लोगों को मदद करने के लिए तथा अपनी-अपनी कन्याओं को इस संस्था से निबंधित कराने के लिए लोगों को जागरूक करने की बात कही। संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के उद्देश्य एवं लक्ष्य के बारे में सारी जानकारी दी। साथ ही साथ सभी पंचायत प्रतिनिधि के समक्ष आग्रह किया गया कि अपने-अपने पंचायत में बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसे अभिशाप को जड़ से मिटाना है। संस्था द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से जिले के सभी पंचायत की वैसी कन्याओं को संस्था से जोड़कर लाभान्वित कराएं। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि समाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए तथा इस सोसाइटी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने में सभी प्रतिनिधि अपने-अपने स्तर से प्रचार प्रसार कर अपने-अपने क्षेत्र से वैसी अत्यंत निर्धन गरीब असहाय कन्या के माता-पिता जो अपने पुत्री की विवाह नहीं कर सकते हैं। वैसे लोगों की सूची बनाकर प्रखंड कार्यालय को प्रस्तुत करें। जिससे कि वह सूची कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की सूची के माध्यम से सर्वे कर वैसी कन्याओं को लाभान्वित किया जा सके। साथ ही साथ बाल विवाह व दहेज प्रथा का बहिष्कार किया जा सके।

इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी के अलावा प्रमुख पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव सहित संस्था के लोग आदि उपस्थित थे।

## एसडीओ आज करेंगे जादूगर शो का शुभ उद्घाटन : आर सरकार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में प्रसिद्ध जादूगर आर सरकार अपनी जादू का जलवा बिखेरेंगे। उनकी जादुई शक्ति से जादू शो के स्टेज पर डायनासोर भी प्रकट होगा। साथ ही कई अन्य आकर्षक व बेहतरीन मैजिक भी गढ़वा वासियों को देखने को मिलेगा। जादूगर आर सरकार ने सोमवार को शहर के नवादा मोड़ स्थित उमंग वाटिका में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि उमंग वाटिका में 3 अक्टूबर को संध्या 6:30 बजे जादू शो का उद्घाटन किया जाएगा। इसका उद्घाटन गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह करेंगे। उन्होंने कहा कि इस जादू शो में डायनासोर मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। वे अपनी जादुई शक्ति से जादू शो के स्टेज पर डायनासोर को प्रकट करेंगे। साथ ही जादू शो में अन्य आकर्षक मैजिक का भी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे, 3:00 बजे एवं संध्या छह बजे से शो प्रारंभ किया जाएगा। प्रत्येक शो दो घंटे का होगा। जादूगर आर सरकार उर्फ. निरंजन कुमार आजाद बिहार शरीफ के निवासी हैं। वे बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि प्रदेशों सहित नेपाल में भी अपना जादू दिखा चुके हैं। इससे पूर्व उनका शो डाल्टनगंज में चल रहा था। उन्होंने बताया कि वे विलुप्त हो रही चीजों एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी फोकस करते हैं। मौके पर राहुल तिवारी, प्रेम धनराज आदि लोगों उपस्थित थे।

## गांधी जयंती पर एसपीडी कॉलेज में एनएसएस व एनसीसी ने किये कई कार्यक्रम

**विद्यार्थियों ने किया रक्तदान, छात्राओं ने बनायी रंगोली और चलाया गया स्वच्छता अभियान**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज की एनएसएस तथा एनसीसी इकाई के द्वारा सोमवार को अन्तरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती संयुक्त रूप से मनायी गयी तथा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही उन्हें स्वच्छता का शपथ ग्रहण कराया गया। साथ ही मौके पर छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनायी गयी। प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे द्वारा सभी छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा 6 यूनिट रक्तदान भी किया गया।

मौके पर प्राचार्य प्रो. चौबे ने कहा कि बापू का सपना स्वच्छ एवं सुंदर भारत का था। गांधी जी का जीवन मंत्र भी सादा जीवन एवं उच्च विचार के थे। उनकी सीख और सबक आज भी प्रासंगिक है। अहिंसा सबसे बड़ा धर्म और कर्त्तव्य है। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा ने कहा कि मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर छात्र-छात्राओं को अहिंसा की शपथ दिलायी गयी। उन्होने कहा कि एक अक्टूबर को भी एक घंटे के श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। एनसीसी के पदाधिकारी प्रो. धीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि गांधी जी के विचार महज एक युग के लिए नही बल्कि उनके विचार अनंत काल के लिए मानवता की धरोहर हैं। अहिंसा दिवस पर रंगोली बनाने के लिए दीपिका कुमारी, मुस्कान कुमारी, आर्या कुमारी, दिव्या कुमारी, लवली सिंह, अंजली कुमारी, प्रियंका कुमारी आदि समेत 12 छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर महाविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा 6 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में अंजली कुमारी, एस खातून, प्रियंका कुमारी, विशाल कुमार, धीरज कुमार, सुरजीत कुमार शर्मा के नाम शामिल हैं। मौके पर ब्लड बैंक गढ़वा के समन्वयक प्रदीप कुमार, दयानंद ठाकुर, प्रवीण कुमार समेंत चन्द्रकान्त सिंह आदि उपस्थित थे।

## गांधी जयंती पर नगर पंचायत ने किया स्वच्छता समापन समारोह का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गांधी जयंती के अवसर पर नगर पंचायत के द्वारा स्वच्छता समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि रामचंद्र चंद्रवंशी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं निवर्तमान नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कार्यपालक पदाधिकारी व थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रचलित कर किया। इसके उपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि को सबसे पहले शॉल ओढ़ाकर एवं फलदार वृक्ष आम का पौधा देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद 30 सितंबर को नपं के द्वारा किए गए कार्यक्रम में 600 मीटर की दौड़ में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं एवं सफाई कर्मियों सहित अन्य पदाधिकारीयों को सम्मानित किया गया। जिसमें 600 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा शीतल कुमारी, द्वितीय स्थान प्रीति कुमारी एवं तृतीय स्थान शोभा कुमारी तथा छात्र वर्ग में 1000 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान आनंद कुमार, द्वितीय स्थान सोनू कुमार एवं तृतीय स्थान राहुल कुमार को नगर पंचायत की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं सफाई कर्मचारियों में महिला-पुरुष कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया तथा सफाई प्रभारी राकेश श्रीवास्तव सहित अन्य को सम्मानित किया गया। उनके अलावे निर्वतमान नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कार्य पालक पदाधिकारी सहित अन्य को भी सम्मानित किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि श्री चंद्रवंशी ने सबसे पहले उपस्थित सभी लोगों को साफ-सफाई करने तथा नगर पंचायत को स्वच्छ बनाए रखने की शपथ दिलाई, शपथ लेते हुए सभी ने अपने-अपने कर्तव्य का निर्वाहन करने की शपथ भी ली। इसके उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोगों को अपने-अपने स्तर से भी अपने घर के आस-पास, कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर साफ-सफाई रखनी चाहिए। गंदगी नहीं फैलानी चाहिए केवल सफाई कर्मियों के भरोसे नहीं छोड़नी चाहिए, हमें भी उसमें अपना-अपना भरपूर सहयोग देना चाहिए। क्योंकि साफ सुथरा रहने पर बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है।

## गांधी जी की सीख और सबक आज भी प्रासंगिक है : मदन केसरी

**जीएन कॉन्वेंट स्कूल में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के साथ गांधी जयंती मनायी गयी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में गांधी जयंती के साथ साथ स्वच्छता अभियान कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीपप्रज्वलन के पश्चात महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विश्व शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्वागत भाषण वरीय शिक्षक सन्तोष प्रसाद ने दिया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि गांधीजी के जन्मदिन को न सिर्फ भारत में बल्कि विश्व स्तर पर अहिंसा के अग्रदूत के रूप में मनाया जाता है। अहिंसक आंदोलनों को बढ़ावा देने में गांधी जी के महत्वपूर्ण प्रभाव के कारण इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है। गांधी जी ने न केवल भारत को अंग्रेजों के दुष्ट शासन से मुक्त कराया, बल्कि उन्होंने भारतीय समाज के सामाजिक मुद्दों के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमें आत्मनिर्भरता, साहस, अहिंसा, सादगी, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा, स्वच्छता की शक्ति सिखाई। इस अवसर पर बच्चों के बीच भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम-रौनक कुमार (दशम), द्वितीय अनुपम कुमार (नवम), तृतीय आदित्य प्रकाश (नवम), पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम रिबिका कुमारी (नवम), द्वितीय गोविंद कुमार (नवम) एवं तृतीय हिमांशु कुमार (दशम) रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, संजीव कुमार, आलोक सिन्हा, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुषमा तिवारी, निलम कुमारी, शिवानी कुमारी, सुनिता कुमारी, संतोष प्रसाद की सराहनीय भूमिका रही। मंच संचालन उपप्राचार्य के द्वारा किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन खुर्शीद आलम के द्वारा किया गया। जबकि जज की भूमिका में नीरा शर्मा, संजीव कुमार और सुषमा तिवारी रहीं। सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात सभा समापन की घोषणा की गई।

## रामचंद्र केशरी ने महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह का किया आयोजन



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी के चेचरिया स्थित आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य व अहिंसा के पुजारी थे वहीं देश के विकास में पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलकर ही समाज, राज्य व राष्ट्र का विकास हो सकता है। सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम जायसवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये उनके बताये मार्ग पर चलने की अपील की। जयंती समारोह में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, शिवधारी राम, मण्डल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे,विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, मथुरा पासवान, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, सलीम अंसारी,सोबराती खां, इस्माइल अंसारी,मुन्ना प्रसाद,अरुण कुमार, बसंत प्रसाद, सुनील प्रसाद, सुनील चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।

**बैठक :** रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक में अगले तीन महीने के प्रोजेक्ट पर किया गया विचार-विमर्श

# पूरे गढ़वा में डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता चलाने का लिया गया निर्णय

**अक्टूबर महीने के अंत में एक विशाल रक्तदान शिविर का किया जायेगा आयोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा जिला की कार्यकारिणी समिति की बैठक स्थानीय सदर अस्पताल के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रेड क्रॉस के अध्यक्ष डॉक्टर एमपी गुप्ता ने एवं संचालन सचिव डॉ जेपी सिंह ने किया। बैठक में रेडक्रॉस सोसाइटी के पैट्रोन मेम्बर डॉ यासीन अंसारी, वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सह सचिव नंदकुमार गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक की पुष्टि की गई। बैठक में अगले तीन महीने के लिए रेड क्रॉस के द्वारा किए जाने वाले प्रोजेक्ट पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि वर्तमान में पूरे गढ़वा में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है ऐसे में रेडक्रॉस के द्वारा डेंगू से बचाव के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम के तहत हैंडबिल बांटा जाएगा। आमलोगों को मच्छर से बचने के लिये पूरे बदन को ढंक कर रखने वाला कपड़े पहनने, अपने आसपास जमा पानी में किरासन तेल या डीजल डालने, कूलर आदि के जमा हुआ पानी को फेंकने तथा मच्छरदानी लगाकर सोने संबंधित जागरूक किया जाएगा। अक्टूबर महीने के अंत में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेवारी रेड क्रॉस के रक्त दान संयोजक कंचन साहू को दी गई है। सिपाका के द्वारा मेडिकल जागरूकता के तहत हर महीने बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दिया जायेगा, जिसके तहत सर्वप्रथम रेडक्रॉस सदस्यों की ट्रेनिंग ज्ञाननिकेतन स्कूल में होगी। नवरात्रि के दौरान गढ़देवी मंदिर में प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) की व्यवस्था एवं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पोस्ट की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि छठ पर्व के मेला में प्राथमिक चिकित्सा शिविर सह स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया जायेगा।

दिसंबर में रोड सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एवं दिसम्बर के अंत में टाटीडीरी गावं में एक विशाल मेगा मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त कार्यकारिणी के सर्वश्री अलख नाथ पांडेय, रघुबीर कश्यप, राजमणि कमलापुरी, विजय केशरी, विजय कुमार अधिवक्ता, डॉ राम विनोद कुमार, डॉ पातंजलि केशरी, डॉ अरसद अंसारी, उमेश अग्रवाल, मनोज केशरी, उमेश कश्यप, मनोज केशरी, ज्योति प्रकाश, अशोक कमलापुरी, उपेन्द्र कुमार आदि सदस्य उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में बारिश से दो कच्चे मकान ध्वस्त

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** रविवार की रात से हुई बारिस में दो कच्चे मकान ध्वस्त हो गए। गनीमत रही कि जान माल की कोई क्षति नहीं हुई। रविवार की रात से हो रही लगातार बारिश से धान की फसल को फायदा पहुंचा। वहीं जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सोमवार की सुबह अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी गांव में बारिश से सहायक अध्यापक मनोज प्रजापति का घर ध्वस्त हो गया। घर के अंदर पति-पत्नी और दो बच्चे बाल बाल बच गए। हालांकि जान माल की क्षति नहीं हुई है। वहीं भवनाथपुर पंचायत के बुका गांव में सोमवार की सुबह ही सुजीत मेहता का घर बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि ध्वस्त होने से पहले ही सभी परिजन घर से बाहर निकल गए। इस घटना में भी किसी को नुकसान नहीं हुआ है।


आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

## आज बाबूलाल मरांडी की लातेहार विधानसभा क्षेत्र के बालूमाथ में संकल्प यात्रा

# पीएम ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर विश्वास जीत लिया है : प्रकाश राम

**उन्होंने कहा कि हेमंत राज्य में भ्रष्टाचार, अपराधी चरम पर पहुंच गयी है। राज्य में जब रघुवर दास की सरकार थी। उसमें अपराधिक और लूटपाट की घटना में विराम लगी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सब लातेहार विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम सोमवार को बालूमाथ, हेरहंज बारियातु प्रखंडो के भ्रमण कर लौटने के बाद दैनिक आजाद सिपाही के साथ रुबरु होते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बाबूलाल मरांडी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर जो विश्वास जताया है। उससे आगामी होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद सभी जिलों में संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लातेहार विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत बालूमाथ की पावन धरती पर 3 अक्टूबर को विशाल संकल्प यात्रा आयोजित की गयी है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी का लातेहार विधान सभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि हेमंत राज्य में भ्रष्टाचार, अपराधी चरम पर पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि राज्य में जब रघुवर दास की सरकार थी। उसमें अपराधिक व लूटपाट की घटना में विराम लगी थी। उन्होंने बालूमाथ, लातेहार, हेरहंज बारियातु प्रखंडो के भाजपा के रीढ़ माने जाने वाले तमाम भाजपा के कर्मठ कार्यकर्तागण, अभीभावक, समाजसेवियो, बुध्दिजीवियो और पत्रकार भाईयो से आग्रह है कि भारी से भारी संख्या में बालूमाथ जोगियाडीह बिरसा मैदान में आयोजित विशाल संकल्प यात्रा में शामिल होकर बाबूलाल मरांडी के हाथो को मजबुत कर राज्य में जय, भूख भ्रष्टाचार मुक्त भाजपा की सरकार बनाने के लिए संकल्प लें।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा बालूमाथ में ऐतिहासिक होगा: चेतलाल

**पंचायतो से लेकर प्रखंड कार्यालयो और राज्य तक विभिन्न योजनाओ में कमीशनखोरी की लूट मची है**



**बालूमाथ।** झारखंड को अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त करने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेशध्यक्ष माननीय बाबूलाल मरांडी जी संकल्प यात्रा निकाल रहे है। लातेहार विधान सभा क्षेत्र के बालूमाथ प्रखंड में 3 अक्टूबर को आयोजित संकल्प यात्रा को लेकर बाबुलाल मरांडी जी का आगमन होगा। जिसकी तैयारी में भाजपा कार्यकर्ता जोर शोर से लगे हुए है। जगह-जगह पर तोरण द्वार और होडिंग लगाया गया है। बालूमाथ के जोगियाडीह विरसा मैदान में वाटरप्रूफ पंडाल बनाया जा रहा है। मरांडी का संकल्प यात्रा बालूमाथ प्रखंड में इतिहास रचेगा। उक्त बातें रविवार को दैनिक आजाद सिपाही से विशेष वार्ता के दौरान बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल लोटस मे भाजपा के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी चेतलाल रामदास ने कही। आये दिन लूट, हत्या व रंगदरी मांगी जा रही है। पंचायतो से लेकर प्रखंड कार्यालयो और राज्य तक विभिन्न योजनाओ में कमीशनखोरी की लूट मची है। बेरोजगारी और अपराध चरम पर है। बालूमाथ प्रखंड को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा नही मिला है, बालूमाथ मे कोयला का विशाल भंडार है पर वर्षो बाद भी कोयला आधारित प्लांट, कल कारखाने नही खोले है। बालूमाथ मे अच्छे शिक्षा के नाम पर न तो कौलेज है न ही स्कुल, रेलवे लाईन है स्टेशन भी है पर यात्री ट्रेन नही चलाया जाना दुर्भाग्य की बात है। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय मे सरकारी स्तर पर बड़ा अस्पताल के न होना दुर्भाग्य की बात है।

## लोहरदगा टोरी रेलवे लाइन कमले स्टेशन के समीप अपराधकर्मियों ने लूटपाट की

**कनेक्टिंग तार और मजदूरों के मोबाइल लूटे, आरपीएफ थाना में प्राथमिकी दर्ज**

कुडू - लोहरदगा(आजाद सिपाही)। अज्ञात नकाबपोश अपराधकर्मियों ने लोहरदगा टोरी रेलवे लाइन के कमले स्टेशन के समीप रेलवे का तार और मजदूरों के मोबाइल की लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस संदर्भ में आरपीएफ के इंस्पेक्टर आरवी सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पीछे कमल गांव में चल रहे काम मे रविवार की रात चार पांच की संख्या में हरवे हथियार के साथ पहुंचे नकाबपोश अपराधकर्मियों ने काम मे लगे मजदूरो को कब्जे में लेकर पहले उनके मोबाइल लूट लिया और वहां रखे करीब 38 मीटर कंटेक्ट तार ले गये जिसकी कीमत करिब 35 से 40 हजार होगी। उन्होने बताया कि इस संबंध में आरपीएफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आरपीएफ अपराधकर्मियों की शिनाख्त और धर पकड़ के लिए प्रयास में जुटी है।

## कच्चा मकान की दीवार गिरने से महिला गंभीर रूप से जख्मी

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र के जोगना में कच्चा मकान का दीवार गिरने से महिला गंभीर रूप से हुई जख्मी हो गयी। जख्मी महिला को इलाज के लिये परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण जोगना ग्राम निवासी लियाकत अंसारी का कच्चा मकान का दीवार गिर गया। जिसमें लियाकत अंसारी की पत्नी रहिमन बानो को हाथ पैर एवं कमर में गम्भीर चोटें आई है। घटना के उपरांत परिजनों ने आनन फानन में सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया। जहां स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रेफर कर दिया गया। इस संदर्भ में आपदा प्रबंधक पदाधिकारी ने घायल महिला को इलाज करवाने तथा पीड़ित परिवार से लिखित आवेदन का मांग किया गया है।

## वन अधिकार अधिनियम, 2006 के विषयक पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा के निदेश पर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर लोहरदगा जिला के प्रखंडों विभिन्न गांवों में वन अधिकार अधिनियम, 2006 के विषयक पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संबंधित ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्यों द्वारा वन अधिकार अधिनियम, 2006 में दिये गये अधिकार का उपयोग करते हुए ग्राम स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन करने तथा वन पर निर्भर लोगों और समुदायों को वनाधिकार पट्टा दिये जाने हेतु उनके दावा पर नियम के अनुसार अनुशंसा करने, जल, जंगल और जमीन और इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने की शपथ ली गयी।

## जन्मदिन पर याद किये गये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर 02 अक्टूबर 2023 (सोमवार) को उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता के नेतृत्व में समाहरणालय सभागार में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी समेत विभिन्न कार्यालयों के कर्मीगण शामिल हुए। इस मौके पर दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर देश के लिए दिये उनके बलिदान को याद किया गया।

## लागातार हो रही बारिश से भारी नुकसान

कुडू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से कुडू में जन जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। कुडू ब्लॉक परिसर में लगा एक पेड़ गिरने से ब्लॉक की चारदीवारी धराशायी हो गयी वही कुडू निवासी स्व नागेसवर साहू का मकान गिर गया। इसके अलावा कई स्थानों में पेड़ गिरने और कच्चे मकानों के धाराशायी होने की भी खबर है। कई जगहों पर बिजली के तारों पर टूटकर गिर जाने के कारण आपूर्ति व्यवस्था भी चरमरा गई। इससे लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बारिश से कुएं से लेकर तालाब तक के जलस्तर में वृद्धि हुई है तो वहीं के जगहों पर घरों में पानी भी घुसने की भी खबर है।

## गांधी जयंती पर प्रखंड की सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का हुआ आयोजन, दिलायी गयी शपथ

कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर कुडू ग्राम स्तर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा सिखाए गए आदर्श को याद किया गया। तत्पश्चात ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्रामीणों को वनाधिकार विषयक वन अधिकार अधिनियम, 2006 के द्वारा दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए जल, जंगल और जमीन और इसके संसाधनों की रक्षा के लिए समर्पित और संगठित प्रयास करने की शपथ दिलायी गयी।08

## यूथ कांग्रेसियों ने मनायी महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती



महुआडांड (आजाद सिपाही)। महुआडांड प्रखंड के स्थानीय आवासीय विद्यालय स्टेडियम में युथ कांग्रेसियों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी। इस अवसर पर युथ कांग्रेसियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की। मौके पर प्रखंड युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल, कांग्रेस युवा उपाध्यक्ष शकील खान उर्फ पप्पू, प्रखंड युवा उपाध्यक्ष अलिका, युवा कांग्रेस महासचिव अमला किंडो, स्पोर्ट्स प्रभारी शहीद अख्तर, युवा कांग्रेस सचिव अलिराजा आदि युथ कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गांधी जी और शास्त्री जी के बताये रास्ते सत्य और अहिंसा पर चलने की जरूरत है : सुरेंद्र



मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेसियों के द्वारा दिन सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और माननीय पुर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्मदिवस की अवसर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर जंयती मनायी गयी। जिसमें मनिका प्रखण्ड के कांग्रेस अध्यक्ष राजकिशोर सिंह युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव अध्यक्षता में जयंती समारोह आयोजित किया गया।

## भाजपाइयो ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती पर दी श्रद्धांजलि



बालूमाथ (आजाद सिपाही)। आज बालूमाथ में पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा बालूमाथ मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में बालूमाथ बूथ सत्यापन प्रभारी श्री रघुपाल सिंह जी के विशेष रूप से मौजूद रहे। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा बूथ सत्यापन प्रभारी रघूपाल सिंह एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता और विजय यादव भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, प्रमोद समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लूडो प्रतिभागियों ने बरवाडीह का नाम किया रोशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाड़ीह।** छत्तीसगढ़ में आयोजित इंटर स्टेट लूडो प्रतियोगिता में कोच अशफाक अहमद मुन्ना के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक चयनित लूडो प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लूडो प्रतिभागियों ने क्षेत्र का परचम लहराते हुए पुरस्कार और मेडल हासिल कर बरवाडीह का नाम रोशन किया है। कोच अशफाक अहमद मुन्ना और विजय प्रतिभागियों को बरवाडीह पहुंचने पर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने भव्य स्वागत किया है। छत्तीसगढ़ (रायगढ़) में आयोजित लूडो इंटर स्टेट प्रतियोगिता में बरवाडीह के रोहिणी कुमारी प्रथम, पूनम द्वितीय, शीला द्वितीय वही रोहित, परमेश्वर, अंकित, विवेक अपनी दमदार प्रदर्शन के बल पर सेमीफाइनल में पहुंचकर छट गये। विजेता प्रतिभागियों को कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वही सेमीफाइनल में पहुंचे खिलाडियों के खेल के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए झारखंड लूडो के स्टेट सचिव शामल लाल ने पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुई उनके उज्वल भविष्य कि कामना की। प्रतियोगिता के अंत में कोच असफाक अहमद मुन्ना को झारखंड रेफरी संघ का अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा किया गया। मुन्ना ने कहा कि यह झारखंड लूडो संघ को एक नायाब तोहफा दिया गया है। इस जिम्मेवारी को यहां के लोगो के साथ मिल कर बखूबी निभाने का हर संभव कोशिश करूंगा। कोच और सभी खिलाड़ियों को बधाई और स्वागत करने वालों में लूडो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को आने-जाने और पूर्ण व्यवस्था करने वाले कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, रेलवे क्लब के महा सचिव रंजित सिंह राणा, पूर्व उप मुखिया काजमी अनवर, प्रेम कुमार अधूरा समेत अन्य लोग शामिल है।

# अनुशासन के साथ खेल और पढ़ाई में ध्यान देकर भविष्य को संवार सकते हैं खिलाड़ी : रामलखन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत डांडू चौकनी के मैदान में आयोजित 4 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का सफलता पूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विश्व हिन्दु परिषद के जिला अध्यक्ष रामलखन प्रसाद, महामंत्री रणजीत साहु और दीपेश्वर भगत, रवि साहु के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारम्भ किया गया। आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में बालकों का 24 टीम, बालिकाओं का 4 टीम और 12 वर्ष आयु वर्ग के बालकों का 4 टीमो ने भाग लिया था। बालिकाओं के फाइनल मैच एनएफसी डांडू और एफसीडीसी के बीच खेला गया। जिसमें एफसीसीडी की टीम विनयी हुई। वही 14 वर्ष आयु वर्ग में एफसीडीसी कई टीम ने गढ़टोली को ट्राइब्रेकर में पराजित कर विजेता बना तथा बालकों के फाइनल मैच एनएफसी डांडू और एआईजी आर्यन के बीच खेला गया। जिसमें एनएफसी डांडू की टीम जीत कर खिताब पर कब्जा जमाया। वही विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि और ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रामलखन प्रसाद ने आयोजन कमिटी को आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ी व दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान दें खेल और पढ़ाई में अनुशासन आवश्यक है। खिलाड़ी खेल और पढ़ाई में भविष्य को संवार सकते हैं। अपने क्षेत्र के साथ जिला, राज्य और देश का नाम रौशन कर सकते हैं।

मौके पर राम भगत,राजू नायक, गोपाल उरांव, सतीश यादव, कमलेश, सुनील यादव, प्रकाश भगत, कुणाल, रोहित, प्रमोद, मुमताज, बिनोद नायक, सुलेख भगत, महाबीर, अंजरुल हक, मनीष सहित हजारों खेल प्रेमी दर्शक और कमिटी के सभी कार्यकता उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य करनेवालों को उपायुक्त ने किया सम्मानित

**लातेहार उपायुक्त ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन ने महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहिया और नगर पंचायत के कर्मियों को इस मौके पर उपायुक्त लातेहार के द्वारा सम्मानित किया गया। उपायुक्त लातेहार के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहिया ललिता देवी, सविता, रेणु टोप्पो, सविता, शकुंतला, सिंधु, जुलेखा बीबी, सुजनती, शीला, राजकुमारी, बसंती कुमारी और शोभा को प्रशस्ति पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त लातेहार के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर पंचायत के कर्मी विनोद, मनोज, बलराम और राकेश राम को प्रशस्ति पत्र और शॉल देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान विद्यालयों में 'स्वच्छता और स्वास्थ्य के बीच' संबंध विषय पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि अपने आसपड़ोस की साफ-सफाई में योगदान देना महात्मा गांधीजी को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी मोहनलाल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी जितेंद्र गुप्ता, गोपनीय शाखा प्रभारी श्रेयांश, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल दीपक महतो, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन और समाहरणालय के कर्मी उपस्थित थे।

### सम्मानित किये गये छात्र-छात्राओं के नाम

अलका कुमारी, रिया कुमारी, स्वाति कुमारी, प्रीतम कुमार, रानी कुमारी, प्रियंका कुमारी, आरती कुमारी पूजा कुमारी, सुल्ताना परवीन, रिजवाना परवीन, पांजनी, निशा कुमारी, सोनाक्षी कुमारी, खुशबु कुमारी, वाहिदा परवीन, अर्चना कुमारी, अंकित यादव, सुशीला तिर्की '

## बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताये मार्गों पर चलने का लिया संकल्प



कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू में सोमवार सुबह महात्मा गांधी की जयंती पर प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ मनोरंजन कुमार और समस्त प्रखंड कर्मियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। उसके बाद चिरी चौक में अवस्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास सभी अधिकारी पहुंचे। जहां जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, बीडीओ मनोरंजन कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष सदरूल अंसारी, उप प्रमुख एनुल अंसारी आदि ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। और उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर वारिश अंसारी, संजू तुरी, अगस्तुस टोप्पो, मुखिया रमेश लोहरा, आरिफ अंसारी, सफिरा खाखा, पूर्णिमा बेसरा, हलीम अंसारी, भारती महतो, पूजा तांती, देवधारी उरांव, नासिर अंसारी, सुषमा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने 24 घंटे में घर क्षतिग्रस्त की मांगी रिपोर्ट

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह बीडीओ राकेश सहाय ने भारी बारिश से घर के क्षतिग्रस्त होने के बारे में मुखिया, पंचायत सचिव और राजस्व कर्मियों को 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। बीडीओ राकेश ने बताया कि तीन दिनों से हो रही भारी बारिश से कई घरों के नुकसान पहुंचने की सूचना मिल रही है। मुखिया, पंचायत सचिव और राजस्व कर्मियों को बारिश से घरों के नुकसान का आंकलन करके उसकी सूची देने के लिए कहा गया है। रिपोर्ट में घर की अनुमानित क्षति राशि का भी उल्लेख करने के लिए निर्देशित किया गया है। ताकि जिला को इसकी रिपोर्ट की जा सके।

## खिलाड़ी मंजिल पाने के लिए लगन और परिश्रम करें, सफलता अवश्य मिलेगी : सूर्यकांत प्रसाद



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के कोचा बरनाग फुटबॉल मैदान में दो दिवसीय खस्सी व इनामी मुकाबला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आदिवासी युवा बरनाग के तत्वावधान में आयोजित की गयी। इस टूनार्मेंट में लोहरदगा जिला के अलावा दूसरे जिले के कुल 16 टीम भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। इधर फाइनल सह समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सूर्यकांत प्रसाद उर्फ मंटू, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य कैरो प्रखंड सुखदेव उरांव व किस्को थाना के सब इंस्पेक्टर सुखराम उरांव सहित अन्य अतिथियों के द्वारा फाइनल में जगह बनाने वाली रिटर्न ऑफ ऑफ बारा बाबा बनाम एमडी बुलुजॉन खरकी की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबला का शुभारंभ किया गया। इधर महा मुकाबला में एमडी बुलूजॉन को पराजित कर मैदानी खेल में रिटर्न ऑफ बारा बाबा की टीम ने 1.0 बढ़त बनाकर चैंपियन बना।

## बरवाडीह में बारिश से तीन घर क्षतिग्रस्त

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह में रविवार की रात भर हुई भारी बारिश से बभनडीह में तीन घर के क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है। बारिश से जिस समय उक्त घर ध्वस्त हुआ, उस समय घर के सदस्य घर के दूसरे कमरों में सोए हुए थे। जिस कारण जान-माल का कोई नुकसान नही होने की खबर है। ग्रामीणों के अनुसार बारिश से मंगलदेव ठाकुर, सुजीत कुमार और दिलीप पाठक का घर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। रविवार की रात अभी तक के सबसे ज्यादा बारिश हुई है। बारिश से तालाब, आहार लबालब भर गया है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक मनायी गांधी और शास्त्री जी की जयंती



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह बिजलीं ऑफिस के समीप कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनायी। पुष्पांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अहिंसा के पुजारी थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



## जिला कांग्रेस ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी



### महात्मा गांधी पार्क स्थित गांधी और शास्त्री की प्रतिमा में श्रद्धा सुमन अर्पित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव के नेतृत्व में देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। यह जयंती गुमला इंडोर स्टेडियम के समीपस्थ महात्मा गांधी पार्क में एवं लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन फूल अर्पित करते हुए जयंती मनाई गई। मौके पर जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और राजनेता महात्मा गांधी के बलिदान और देश को आजादी कराने में उनके बेहद महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रपिता का ओहदा दिया गया है। गांधी जी ने न सिर्फ देश के लिए आजादी की लड़ाई लड़ी, बल्कि समाज सुधार के कार्य भी किए।

महात्मा गांधी की ताकत सत्य और अहिंसा के सिद्धांत थे। सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर उन्होंने आजादी की लड़ाई में कई आंदोलन किए और अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। गांधी जी ने सिर्फ आजादी की ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि समाज में दलितों की स्थिति बेहतर करने व उन्हें बराबरी का हक दिलाने के लिए भी लड़ाई लड़ी। छुआछूत के खिलाफ जबरदस्त आवाज उठाई। आज ही के दिन लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को हुआ था, 2 अक्टूबर का यह दिन हमारे देश के दो महापुरुषों को समर्पित है। इस दिन सिर्फ गांधी जी की ही नहीं लाल शास्त्री जी की भी जयंती मनाई जाती है। इस दिन लोग शास्त्री जी के विचारों के साथ शास्त्री जी के प्रेम और त्याग को भी याद करते हैं।

मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी आशिक अंसारी, विचार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष खुदी भगत दुखी, जिला उपाध्यक्ष विष्णु राम, जिला महासचिव राजू कुमार महतो, फिरोज आलम, खालिद साह, रामनिवास प्रसाद, हांदु भगत, भैया राम उरांव, सदन प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर सचिव तरुण गोप, मोहम्मद शदाब, इबरार अंसारी, अरुण गुप्ता, महावीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, अजीत टोपनो, शंभू नाथ सिंह, गुड्डू, मोहम्मद राजन, बिरशु सिंह ,मधुसूदन सिंह, बहादुर सिंह, रामप्रसाद सिंह, दीनानाथ सिंह ,जुगनू सिंह , काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनायी गयी

**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। शिक्षक कंचन कुमार ने दोनों महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप जलाकर एवं अन्य शिक्षकों व शिक्षिकाओं ने पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र शिवम महली, आरजू कुमार मुंडा एवं प्रीतम उरांव ने देशभक्ति गीत गाया। आकाश महली ने अंग्रेजी में भाषण दिया। अंकित उरांव, लॉरेन धान, शिवम महली व चुडू मुंडा ने दोनों महान पुरुषों के बारे में हिंदी में संभाषण के माध्यम से बताया। शिक्षक संदीप कुमार पंडित एवं रंजन कुमार पांडे ने बच्चों को दोनों महान पुरुषों के बारे में बिस्तार से बताया। मंच संचालन छात्र अमित कुमार लोहार एवं समीर उरांव ने किया। मौके अवसर पर छठी एवं सातवीं कक्षा के छात्रों के बीच 'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' विषय पर सुलेख प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें जगदीश असुर ने प्रथम, मनीष पातर ने द्वितीय एवं रोहित उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## राष्ट्रपति ।महात्मा गांधी के सपनों को जिंदा रखने की जरूरत है : ज्योति वर्मा



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के महिला नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, महिला नगर सचिव ज्योति गोलरिया कुजूर और नगर सचिव बिनय गोप की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। नगर सचिव बिनय गोप ने कहा कि आज गांधी जी के सपनों को जिंदा रखने की जरूरत है। आज हमारे समाज को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता है। ज्योति वर्मा ने कहा कि आज महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की जरूरत है, तब ही समाज बेहतर बनाया जा सकता है। जितनी महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा उतना परिवार और समाज समृद्ध होगा। ज्योति गोलरिया ने कहा कि सभी महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने की जरूरत है अगर एक महिला शिक्षित होती है तो कई परिवार शिक्षित होंगे। माल्यार्पण कार्यक्रम में मिशन बदलाव के सदस्य और शिक्षक प्रदीप कुमार, टोनी एंथोनी एक्का, मोहम्मद शमशाद सहित अन्य उपस्थित थे।

**बैठक :** शहरी व निकटवर्ती गांवों की दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

# आचार्यों के तय कार्यक्रमावली के अनुरूप करें अनुष्ठान की शुरुआत : निर्मल गोयल

### बैठक में विभिन्न पूजा समितियों की ओर से उपस्थित पदाधिकारियों ने पूजा के दौरान बुनियादी कठिनाइयों की ओर ध्यानाकृष्ट कराया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के प्रागंण में शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा मनाये जाने को लेकर शहरी क्षेत्र सहित निकटवर्ती गांवों के दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। अध्यक्षता बड़ा दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष निर्मल कुमार गोयल ने की। बैठक में आगत पूजा समिति के पदाधिकारियों का स्वागत बड़ा दुर्गा मंदिर के सचिव रमेश कुमार 'चीनी' के द्वारा करते हुए सबों का आह्वान किया गया कि इस वर्ष नवरात्र का शुभारंभ पन्द्रह अक्टूबर से हो रहा है। सभी पूजा समितियां इस दिन से ही आचार्यों के द्वारा तय कार्यक्रमावली के अनुरूप अनुष्ठान की शुरुआत करें। बैठक में विभिन्न पूजा समितियों की ओर से उपस्थित पदाधिकारियों ने पूजा के दौरान बुनियादी कठिनाइयों की ओर ध्यानाकृष्ट कराया। इस क्रम में भारतीय नवयुवक संघ के दामोदर कसेरा ने पूजा के दौरान शहर में भारी वाहनों के नो इंट्री का अनुपालन सही ढंग से नहीं होने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए शांति समिति की बैठक में इस पर जिला प्रशासन का ध्यानाकृष्ट कराने की बात कही। पूजा समिति खोरा से उपस्थित समिति के संरक्षक लक्ष्मी कांत बडाईक ने बताया कि खोरा गांव में एकादशी की रात में मेला का आयोजन होता है जिसमें काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ होती है। उन्होंने पूजा एवं मेला के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सहित पेयजल की उपलब्धता तथा विधि व्यवस्था सुदृढ़ रखने की आवश्यकता जताई। पूजा समिति डुमरडीह के सचिव संदीप प्रसाद के द्वारा जानकारी दी गयी कि डुमरडीह में रावण दहन तथा मेला का आयोजन होता है। जिसके कारण डुमरडीह की प्रतिमा नगर भ्रमण के उपरांत तय समय पर मेला स्थल पर पहुंचने का दबाव रहता है। मूलतः यही कारण है कि डुमरडीह पूजा समिति की प्रतिमा समय पर शहर से प्रस्थान कर जाती है। दुर्गा पूजा समिति लक्ष्मण नगर के प्रतिनिधि के द्वारा डीएसपी रोड में बेतरतीब खंभों को हटाने और रोड के मुहाने पर जशपुर रोड में उभर आये गड्ढों को पूजा के पहले दुरुस्त कराने की बात कही। ज्योति संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह द्वारा संधि बली के तय समय में समितियों द्वारा अलग अलग समय दिये जाने पर अफसोस जाहिर करते हुए अगले वर्ष से यह सुनिश्चित करने की बात कही गयी कि संधि बली के समय में एकरुपता हो। अपने अध्यक्षीय उद्बबोधन में निर्मल कुमार गोयल द्वारा विभिन्न पूजा समिति के पदाधिकारियों द्वारा सुझायी गयी बातों अनुपालन सुनिश्चित किये जाने की बात कहते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा करने की अपील की गयी।

बैठक में बंगाली क्लब, मालवीय नगर करौंदी, अरुणोदय संघ, विश्व भारती संघ, मां भवानी संघ, पूजा समिति रामनगर, पूजा समिति दूधेश्वरी धाम के पदाधिकारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन दामोदर कसेरा ने किया।

# कार्तिक उरांव कालेज प्रबंधन पर 42 लाख गबन का लगा आरोप

### छात्र सोच रहे हैं कि कहीं ऐसा तो नहीं कि गबन पर पर्दा डालने के लिए कॉलेज ने बंद कर दी इंटर की पढ़ाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** कहीं ऐसा तो नहीं कि कार्तिक उरांव महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई बंद करने का कारण 40 से 45 लाख रुपए के घोटाले को छुपाना है। ये अंदेशा अब कार्तिक उरांव महाविद्यालय के छात्र लगाने लगे हैं। अभी जिला छात्र संघर्ष मोर्चा के छात्र नेताओं ने डीसी को आवेदन देकर यह आरोप लगाया है कि कालेज प्रबंधन ने कोरोना काल में लगभग 42 लाख रुपये की अवैध निकासी की है। जिसकी जांच का आग्रह छात्रों ने उपायुक्त से किया। उपायुक्त ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ रवि जैन को जांच की जिम्मेदारी दे दी। एसडीओ ने जांच में सहयोगी अधिकारी के रूप में मजिस्ट्रेट रश्मि और अंचल अधिकारी गुमला को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है। अब जांच में छन कर क्या आता है यह पदाधिकारियों की जांच रिपोर्ट बताएगी। लेकिन छात्र कह रहे हैं कि सूचना के अधिकार में कभी कुछ, कभी कुछ जानकारी दी जा रही है। अब किस बात को मानना है, किसे नजर अंदाज करना है यह समझ में ही नहीं आता।

**कॉलेज प्रशासन ने दी अधूरी व गलत सूचनाएं :** बता दें कि विगत दो साल से कार्तिक उरांव महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई बंद कर दी गई है। जिससे हजारों छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिसको लेकर छात्र नेताओं ने कई बार आंदोलन किया। लेकिन कॉलेज प्रशासन द्वारा कई तरह की समस्याओं को बता कर इंटर की पढ़ाई को बंद कर दिया गया। इसके बाद छात्र नेताओं ने जन सूचना का अधिकार का प्रयोग कर कॉलेज से कई बिंदुओं पर सूचना की मांग की थी। कॉलेज प्रशासन द्वारा अधूरी व गलत सूचना उपलब्ध कराई गई। गबन के मामले को लेकर छात्र नेता अनिल साहू, सुबोध उरांव, राजू उरांव, भूषण उरांव, सानू कुमार और पंकज साहू ने कॉलेज में गबन व घोटाले की जानकारी इकट्ठा की।

**कोरोना काल में कक्षा नहीं लिए जाने का हवाला देकर कई शिक्षकों को नहीं दिया वेतन :** छात्र नेताओं के अनुसार शिक्षकों को कोरोना काल में कक्षा नहीं लिए जाने का हवाला देकर उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया जबकि जैक के द्वारा महाविद्यालय को राशि का आवंटन कर दिया गया था। इसके अलावा कॉलेज में अनावश्यक रूप से कर्मचारियों की नियुक्ति की गई जो व्यक्ति कॉलेज में कार्यरत नहीं थे उन्हें भी कर्मचारी की सूची में रखकर कॉलेज के खाता से भुगतान किया गया।

छात्र नेताओं ने बताया सत्र 2022 से इंटर में नामांकन बंद है इसलिए वर्तमान में कोई भी थर्ड एवं फोर्थ ग्रेड कर्मचारी नहीं है जबकि इंटर में कार्यरत कर्मचारियों को 2023 के मार्च तक का वेतन भुगतान किया गया। इसके अलावा अधिविध परिषद रांची को अंधेरे में रखकर लगभग 47 लाख 52 हजार रुपए राशि की वेतन भुगतान के नाम पर मांग कर ली गई। जबकि शिक्षकों को वेतन का भुगतान नहीं किया गया।

## गुमला पॉलिटेक्निक में गांधी और शास्त्री जयंती पर चित्रकला व भाषण प्रतियोगित आयोजित

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पॉलिटेक्निक ने देश के दो प्रतिष्ठित महानुभावों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को प्रभावशाली गतिविधियों की एक श्रृंखला के साथ मनाया गया। इस उत्सव में पुष्पांजलि, स्वच्छता अभियान, ड्राइंग और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। दोनों के चित्रों में पुष्पांजलि दी गई। संस्थान के प्राचार्य एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सहित सभी संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। संकाय सदस्यों और छात्रों को छोटी-छोटी टीमों में बांटा गया और पूरे कॉलेज परिसर को साफ किया गया। उत्सव के हिस्से के रूप में, एक ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें



छात्रों ने 'महात्मा गांधी की दुनिया', 'अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस', 'जय जवान जय किसान' और 'हरित क्रांति' सहित विभिन्न विषयों पर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और योगदान के बारे में छात्रों के ज्ञान का परीक्षण किया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष, माइनिंग इंजीनियरिंग के छात्र एम. डी. आसिफ शाह को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वहीं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया कुमारी को द्वितीय और माइनिंग इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष की छात्रा अरिबा खातुन को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता के रूप में रानी कुमारी को प्रथम, लक्ष्मी कुमारी को द्वितीय, निशांत कुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने प्रतिभागियों की सराहना की, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के अद्वितीय योगदान और स्थायी मूल्यों को याद दिलाकर छात्रों और संकाय सदस्यों को प्रोत्साहित किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बीएन जालान कॉलेज में गांधी जयंती पर एनसीसी कैडर ने प्रभातफेरी सह स्वच्छता रैली निकाली




**सिसई (आजाद सिपाही)।** बैजनाथ जालान महाविद्यालय सिसई में दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। साथ ही एनसीसी कैडर के द्वारा प्रभातफेरी सह स्वच्छता रैली निकाली गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ आदित्य विक्रम देव द्वारा महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर उन्होंने महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्वच्छता का संदेश आज पूरे देश के लिए आदर्श बन गया। हम सभी को स्वच्छता को अपनाना है। स्वयं स्वच्छ रहना है, अपने घर आंगन को स्वच्छ रखना है, साथ ही आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। प्रभातफेरी सह स्वच्छता रैली महाविद्यालय प्रांगण से शुरू होकर कॉलेज रोड, स्कूल चौक से होते हुए बारिश के बीच कॉलेज वापस आई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी प्राचार्य डॉ आदित्य विक्रम देव, कॉलेज के एनसीसी प्रभारी डॉ निसार अहमद, लेखापाल सुरेश साहू, योगाचार्य गजराज महतो, विशाल सहाय, सहित एनसीसी कैडर के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### घाघरा पुस्तकालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पुस्तकालय में सोमवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस क्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे, आयुष चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विनय महली, पूर्व उपप्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा, शिक्षक विजय साहू व अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पण किया। मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए अनिरुद्ध चौबे ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुभकामना देते हुए कहा कि दोनों महापुरुषों ने हमारे राष्ट्र के लिए अभूतपूर्व योगदान दिये हैं। उनके द्वारा राष्ट्र के लिए किया गया योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं मौजूद आयुष चिकित्सक डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि हमें महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के बताए गए मार्गों का अनुश्रवण करने की जरूरत है। उप प्रमुख कृष्ण कुमार लोहरा, भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, शहजाद खान ने भी संबोधन में लोगों को देश के प्रति सच्चा ईमानदारी पूर्वक देश सेवा के लिए आगे आने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित लोगों में विजय कुमार साहू, अजय कुमार साहू, अमित ठाकुर, शीला कुजूर सहित चिल्ड्रन एके-डमी स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### गांधी जयंती पर सॉलिटेयर एकेडमी के विद्यार्थियों ने अमृत कलश यात्रा के तहत मिट्टी इकट्ठा की



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा के मकरा स्थित सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल के प्रांगण में गांधी जयंती सह लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की सचिव अंकिताश्री, प्राचार्य चंद्रकांत पाठक सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करते हुए लाल बहादुर शास्त्री तथा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक ने कहा कि महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के संघर्ष को अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। वे हमारे देश को आजाद करने और आजादी के बाद देश के विकास के लिए बहुत अहम भूमिका निभाएं है। इधर अमृत कलश यात्रा के अंतर्गत मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी के विद्यार्थियों के द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर तथा थाना प्रांगण से मिट्टी इकट्ठा की गई। ज्ञात हो कि इस मिट्टी को जिला मुख्यालय होते हुए दिल्ली भेजा जाना है। इसके पूर्व कार्यक्रम में घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार तथा घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी को विद्यालय परिवार के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत तथा भाषण प्रस्तुत किये। इधर कार्यक्रम के सफल संचालन तथा कार्यान्वयन के लिए विद्यालय के उप प्राचार्य शरद पांडेय, राम सुंदर ठाकुर, बद्री विशाल, कृष्णकांत पाठक, राणा हिमांशु, शुभम सौरभ, दीपा पांडेय, आँचल सिंघल, संजू तिवारी सहित सभी शिक्षकों ने योगदान दिया।

### उपरखटंगा पंचायत सचिवालय में बने पुस्तकालय भवन का उद्घाटन



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड क्षेत्र के उपरखटंगा पंचायत सचिवालय में बने पुस्तकालय भवन का उद्घाटन सोमवार को गांधी जयंती के अवसर उपप्रमुख दीपक कुजूर एवं मुखिया कांता एक्का के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मुखिया कांता एक्का ने कहा कि इतना सूदूरवर्ती इलाके में पुस्तकालय बनना अपने आप बहुत ही गर्व की बात है। अब हमारे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी शहर के बच्चों की तरह शिक्षा प्राप्त करेंगे। यहां बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षा की भी तैयारी कर सकते हैं। मौके पर उर्मिला देवी, मनोहर राय, एरेन खेस, सारामनी मिंज, ललिता तिर्की, मिल्यांती बखला, सिरोमनी मिंज और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

**कार्यक्रम :** गांधी जयंती पर विकास भारती ने घाघरा से चिंगरी तक 28 किमी मैराथन दौड़ का किया आयोजन

# मैराथन दौड़ में चंद्रमुनि एवं सुदर्शन ने प्रथम पुरस्कार पर जमाया कब्जा

### समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम जतरा टाना भगत स्मारक स्थल चिंगरी में किया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



### मैराथन दौड़ में 1400 बालक-बालिकाओं ने लिया भाग

**मैराथन दौड़ में 14 सौ बालक बालिकाओं ने भाग लिया। बालिका वर्ग में प्रथम पुरस्कार चंद मुनि उरांव, कुंगांव घाघरा, द्वितीय पुरस्कार फूल कुमारी उरांव, गांव कुंगांव घाघरा, तृतीय पुरस्कार कौशल्या कुमारी, गांव चेड़ा, बिशुनपुर एवं बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार सुदर्शन उरांव, पिता एतवा उरांव, गांव दारदाग घाघरा, द्वितीय विमल भगत, पिता केश्वर भगत, गांव चपाटोली, बिशुनपुर एवं तृतीय पुरस्कार सुमन उरांव, पिता शनिचरवा उरांव, गांव चपका घाघरा को सर्टिफिकेट एवं साइकिल देकर अतिथियों ने सम्मानित किया।**

**बिशुनपुर।** गांधी जयंती एवं अमृत काल प्रवेश के अवसर पर विकास भारती द्वारा आयोजित घाघरा से चिंगरी तक 28 किमी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसका समापन समारोह सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम जतरा टाना भगत स्मारक स्थल चिंगरी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद समीर उरांव, पद्मश्री अशोक भगत, लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह आदि लोगों ने कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। समीर उरांव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज इस अमृत काल के अवसर पर महात्मा गांधी की जयंती के साथ-साथ लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जा रही है। साथ ही साथ हमारे इस क्षेत्र के आंदोलनकर्ता जतरा टाना भगत की भी जयंती हम लोग मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा इस राष्ट्र की शक्ति है, इसके लिए भारत सरकार ने खेलो इंडिया का नारा दिया है। जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति जागृति पैदा करना साथ ही स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि आज बड़े सौभाग्य की बात है आज हम राष्ट्र निर्माता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाने वाले टाना भगत की भी जयंती मना रहे हैं। सचिव पद्मश्री डॉ अशोक भगत ने कहा कि इस क्षेत्र के युवक युवतियों के लिए लगातार पिछले 35 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम आज इस स्थिति में पहुंचे हैं कि जो हमारी सबसे बड़ी ग्राम सभा है वह काफी सशक्त हुई है जो विकास में बड़ी भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम का समापन पर प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि विभिन्न गांव के लोग खड़े होकर युवाओं में जोश भरने का कार्य कर रहे थे इसे देखकर ऐसा लग रहा था कि मैराथन में धावक नहीं पूरा गांव दौड़ रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मांडर गंगोत्री कुजूर, भिखारी भगत, केदार साहू, जय मंगल उरांव, तेबू उरांव, डॉ संजय कुमार, महेंद्र भगत उपस्थित थे।

## बिशुनपुर में सड़क हादसे में युवक की मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तेतर डिपा ढलान के समीप हादसे में बिशुनपुर कुबा टोली गांव निवासी अशोक उरांव (35) की मौत सड़क किनारे एक पत्थर से टकराने से हो गई। घटना के संबंध में मृतक के भाई संजय उरांव ने बताया कि वह मुख्यालय में कपड़ा का दुकान चलाता था साथ ही बाजार में भी दुकान लगाता था। रविवार सुबह लोहरदगा के महाजनों को वह बकाया राशि देने अपनी पल्सर मोटरसाइकिल में गया था जहां से लौटने के बाद घर से यह कह कर निकला कि हम बिशुनपुर की तरफ से घूम कर आते हैं। इसके बाद वह घर वापस नहीं आया। सोमवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि तेतर डिपा के समीप एक पल्सर मोटरसाइकिल सवार सड़क किनारे एक पत्थर से जा टकराया है, जिसकी मौत हो गई है।

**नमन : गांधी जयंती पर प्रथम महापौर ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि**

# आज की पीढ़ी को भी गांधी जी के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है : अरुणा शंकर



महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करती अरुणा शंकर व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने गांधी जयंती पर सोमवार को गांधी उद्यान एवं टाउन हॉल में जाकर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कहा कि बापू हमारे देश के आदर्श थे। उन्हें आज की पीढ़ी को भी अपना आदर्श बनना चाहिए। हमारे देश की आजादी बापू के बिना असंभव थी। प्रथम महापौर के साथ गांधी उद्यान योगा ग्रुप एवं टाउन हॉल परिसर में वैश्य युवा मंच के लोग शामिल हुए।

## महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत: संजय यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** महात्मा गांधी की आवश्यकता आज हर जगह है, चाहे शहर हो या गांव। गली-मुहल्ला प्रत्येक जगह गांधी जी के विचारों की जरूरत है। उनके विचार व आदर्शो को आत्मसात करके ही इंसान जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उक्त बातें राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय सिंह यादव ने कही। वे सोमवार को गांधी जयंती पर शहर के गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोंगो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार हमें खुद के बजाय दूसरों के हित को लेकर समर्पित होने की सीख देता हैं। वहीं, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि कर्म, अर्थ, काम और मोक्ष सभी समस्याओं का समाधान गांधी जी के विचारों से संभव है। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने गांधी जी के विचारों को धरोहर बताया। इस मौके पर राजद के प्रदेश सचिव राज अली, समाजसेवी पवन चौधरी, कमाख्या नारायण सिंह, जमील अंसारी, सुदेश्वर राम, प्रमोद सिंह और देव कुमार आदि मौजूद थे।



गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव व अन्य।

## सभी टोलों व कस्बों को पक्की सड़क से जोड़ा जायेगा : डॉ एसबीपी मेहता



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने सोमवार को प्रखंड के तेतराई पंचायत के खाप सरौना गांव में जिला योजना अनाबद्ध निधि से भेड़ियाही आहर पुल से सुकन मोची के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यस किया। विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा के हर गांव-कस्बे में विकास की लंबी लकीर खींची जा रही है। आगामी दिनों में भी पांकी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में कालीकरण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। कहा कि विधानसभा का चहुमुखी विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता है। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, सुनील गुप्ता, पंसस श्याम नंदन ओझा, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, प्रसिद्ध सिंह, साधू मांझी, वशिष्ठ सिंह, कमेश यादव, उप मुखिया इकबाल अहमद, चिंटू सिंह, श्रीकांत सिंह, निर्मल मेहता आदि मौजूद थे।

## गरीबों के राशन में कटौती बर्दाश्त नहीं, राशन लौटाना सुनिश्चित करें : कमलेश



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के युवा सामाजिक कार्यकर्ता सह राजद नेता कमलेश यादव ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि डीलरों द्वारा गरीब राशन कार्डधारियों से पदाधिकारियों का हवाला देकर प्रति यूनिट डेढ़ से दो किलोग्राम राशन में कटौती बर्दास्त नहीं की जाएगी। इसकी शिकायत कई कार्डधारियों ने की है। उन्होंने अधिकारियों को आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि राशन में की गई कटौती गरीबों को लौटाना सुनिश्चित करें नहीं तो बाध्य हो कर सैकड़ों कार्डधारियों के साथ आंदोलन करने को मजबूर होंगें।

## साफ-सफाई से घरों में लक्ष्मी का वास ही नहीं प्रदूषण रोकने में भी मिलती है मदद : कौशल

**पर्यावरणविद ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रव्यापी सफाई अभियान में शामिल होकर थामा झाड़ू, की सफाई**




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन परिसर में राष्ट्रव्यापी प्रदूषण मुक्त स्वच्छता अभियान चलाया गया। विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और एमकेडीएवी विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान के नेतृत्व में शिक्षक, एनसीसी कैडेट्स, भारत स्काउट एंड गाईड्स के सदस्य और रेलवे स्टेशन परिवार ने मिलकर स्टेशन परिसर की सफाई की। इस अवसर पर कौशल किशोर ने कहा कि साफ-सफाई रखने के लिए सभी देशवासियों को इस अभियान में शामिल होने की जरूरत है। घर परिसर की सफाई होने से न सिर्फ लक्ष्मी जी का आगमन होता है, बल्कि प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलती है। वहीं, प्राचार्य डॉ जीएन खान ने बताया कि साफ सफाई केवल शारीरिक नहीं बल्कि आत्मिक चेतना है। जो हमें देवत्व की तरफ अग्रसर करता है। हमें इस कार्य को केवल एक दिन नहीं, बल्कि अपनी दिनचर्या में शामिल करने की जरूरत है। इस अवसर पर समाजसेवी गुड्डू खान, कर्नल अमिताभ मुखर्जी, कमांडेड 44 बटालियन, एनसीसी के लोग समेत रेलवे कर्मी में यातायात निरीक्षक अनिल कुमार तिवारी, वाणिज्य निरीक्षक विकास कुमार, स्टेशन प्रबंधक उमेश कुमार, पार्सल पर्यवेक्षक राजेश कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक केके प्रधान, शिक्षक आलोक कुमार, राजीव कुमार मिश्रा, जितेंद्र तिवारी, कन्हैया राय, विक्रम चंदेल, सुनील कुमार विश्वकर्मा, वेद प्रकाश तिवारी, शेखर सिन्हा, काजल व प्रवीर कुमार आदि शामिल थे।

## शहर की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों पर प्रशासन करे कड़ी कार्रवाई: प्रथम महापौर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में जनता को एक खूबसूरत मरीन ड्राइव, गांधी उद्यान, महात्मा गांधी मार्ग, चौक चौराहे उपहार में दिए जिसकी देखरेख मैं खुद अपने निजी खर्च से तीन माली, तीन इलेक्ट्रीशियन, दो सुपरवाइजर, एक पानी टैंकर ड्राइवर के साथ रखकर देखभाल कर रही हूं। ताकि निगम का यह धरोहर शहर की शान को बनाए रखें जिसे लोग पसंद भी कर रहे हैं। लेकिन कुछ लोगों द्वारा यह सारी चीज क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। मैं प्रतिदिन कभी मरीन ड्राइव का जाली बनवा रही हूं तो कभी डिवाइडर के ऊपर लगे लाइट बनवा रही हूं कभी मैं बेंच ठीक करवा रही हूं तो कभी प्लांटेशन लोग उखाड़ कर ले जा रहे हैं। जिसे मैं पुनः लगवा रही हूं। मैं जनता से अपील करती हूं कि यह संपत्ति आपकी है इसे सुव्यवस्थित रखने में मदद करें। प्रशासन से भी अनुरोध है कि मैंने सभी जगह सीसीटीवी लगा राखी है। जांच कर ऐसे उपद्रवी लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रथम महापौर ने यह भी कहा कि मैं पुलिस अधीक्षक से बात करूंगी कि सारे सार्वजनिक स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए। तभी हमारा यह शहर का धरोहर सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रहे।

## बिजली तार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** रेहला थाना अंतर्गत मायापुर गांव में बिजली के नंगे तार की चपेट में आने से कुलदीप साव (66) नामक वॉद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह आठ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मायापुर गांव निवासी कुलदीप अपने घर से निकलकर खेत की ओर गए थे। तभी बांस के एक खंभे को गिरा देखा। खंभे के सहारे ही बिजली का नंगा तार खींचा हुआ था। जिसमें विद्युत प्रवाहित हो रही थी। कुलदीप साव बांस के गिरे हुए खंभे को सीधा खड़ा करने का प्रयास करने लगे। तभी बिजली का नंगा तार उनके उपर ही गिर गया। जिसकी चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी रेहला पुलिस को दी। रेहला पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया।

## गांधी जयंती पर नगर परिषद की ओर से सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** गांधी जयंती पर विश्रामपुर नगर परिषद की ओर से सोमवार को गांधी चौक के पास समारोह आयोजित कर सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। सबसे पहले महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी नमन किया गया। उसके बाद सफाई मित्रो,कचरा वाहन के चालकों व सफाई सुपरवाइजरों को पुष्पगुच्छ और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि विश्रामपुर नगर परिषद आज साफ और स्वच्छ है तो इसका सारा श्रेय सफाई मित्रों को जाता है। मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, नप के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजन पांडेय, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, सुभाष हेंब्रम, सुमित कुमार, सुबोध कुमार, समाज सेवी विजय कुमार रवि, सुनील चौधरी, ज्वाला गुप्ता, अजय कुमार रवि, सलीमुद्दीन अंसारी, जेई मुकेश कुमार, अजीत टुडू, इंदु देवी, ज्योति देवी, नीरा देवी आदि थे।

## तालाब में नहाने गयी दो बहनों की डूबने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के मायापुर गांव में स्थित एक तालाब में नहाने गई दो बहनों की डूबने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना रविवार की बताई जा रही है। उसी रात दोनों बहनों का शव तालाब से बरामद भी कर लिया गया है। बच्चियों के शव का पोस्टमार्टम सोमवार को मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच में हुआ। तालाब में डूबते हुए बच्चियों को किसी ने नहीं देखा था।

### जंगल गयीं, फिर तालाब में नहाने लगीं

तालाब किनारे से उनके कपड़ों के मिलने पर तालाब में उतर कर लोगों ने खोजबीन की, तो दोनों मृत अवस्था में मिलीं। मृत बच्चियां मायापुर गांव निवासी रमेश सिंह की बेटियां हैं। उनकी पहचान लवली कुमारी (12) और आरूषि कुमारी (9) के रूप में हुई है। लवली सातवीं और आरूषि तीसरी कक्षा की छात्रा थीं। दोनों बहनें पिता से गांव के पास ही जंगल में खुखड़ी लेने की बात कह कर गयी थीं। जंगल जाने के दौरान ही रास्ते में दोनों बहनें तालाब में नहाने चलीं गयीं।

### देर से शुरू हुई खोजबीन

इसी दौरान दोनों गहरे पानी में चली गयीं, जिससे डूब गयीं। जब देर शाम तक बच्चियां घर नहीं पहुंची, तो परिवार वालों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में पिता रमेश सिंह को तालाब के किनारे बेटियों के पहने कपड़े मिले। पिता को बच्चियों के तालाब में डूबने का अंदेशा हुआ तो उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। ग्रामीण इकट्ठा हुए और तालाब में उतर कर बच्चियों की तलाश की। पहले बड़ी बहन और फिर छोटी बहन का शव मिला। शाम करीब 7.30 बजे दोनों बच्चियों का शव तालाब से निकाला गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। रमेश सिंह गांव में ही किराना दुकान चलाते हैं। परिजनों के मुताबिक दोनों बच्चियां किराना दुकान पर ही थीं। फिर दोनों जंगल की ओर चली गयी थीं।

## गांधी स्मृति टाउन हॉल की बदलेगी सूरत, डीसी ने किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू के गांधी स्मृति टाउन हॉल की सूरत अब बदलने वाली है। टाउन हॉल के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। 26 जनवरी 2024 तक पलामू वासियों को एक सुसज्जित गांधी स्मृति टाउन हॉल मिलेगा। उक्त बातें पलामू डीसी शशि रंजन ने कही। वे सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद गांधी स्मृति टाउन हॉल का निरीक्षण किये। उन्होंने टाउन हॉल के बाहरी एवं हॉल के अंदर की व्यवस्थाओं को देखा और जीर्णोद्धार की बातें कही। टाउन हॉल का फॉल्स सिलिंग, रंग रोगन के साथ-साथ हरेक आवश्यक कार्य किये जाएंगे, जिससे टाउन हॉल बदलता स्वरूप में दिखेगा। उन्होंने कहा कि टाउन हॉल का ध्वनि व्यवस्था भी शीघ्र ही ठीक कराया जायेगा।

## संत पॉल कान्वेंट स्कूल में मनायी गयी गांधी व लाल बहादूर शास्त्री की जयंती



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला के संत पॉल कान्वेंट स्कूल प्रबंधन की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के निदेशक एसएम एस्ले और संचालन प्राचार्य मोनिका एक्का ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर शिक्षिका नूतन कुजूर, संजय तिवारी, प्रीति चौरसिया, जोस्मिता, उषा बरवा, फिलिसिया, पूनम खेस, मिताली विश्वकर्मा, संजय कुजूर, निधि कुमारी, अल्बीना एक्का, मनीष गुप्ता, नेहा मुखिया, बिदुर थापा, अफजल अंसारी आदि थीं।

# स्पोर्ट्स



भारत ने एशियाड खलों के नौवें दिन आठ पदक जीते हैं। सोमवार को भारत के तेजस्विन शंकर ने मेंस 400 मीटर रेस में 14वां गोल्ड दिलाया। वे 49.67 सेकेंड का समय निकाल कर पहले स्थान पर रहे।

**भारत ने एशियाड में जीता 14वां गोल्ड : नौंवे दिन जीते आठ मेडल्स**

# तेजस्विन शंकर ने मेंस 400 मीटर रेस में जीता गोल्ड

एजेंसी

**हांगझोउ।** 19वें एशियन गेम्स के नौवें दिन भारतीय खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन जारी है। चीन के हांगझोउ में सोमवार को तेजस्विन शंकर ने मेंस 400 मीटर रेस में 14वां गोल्ड मेडल दिलाया। वे 49.67 सेकेंड का समय निकाल कर पहले स्थान पर रहे। इस गोल्ड के साथ भारत के कुल मेडल्स की संख्या 61 पहुंच गयी है। नौवें दिन 8 मेडल मिले। इनमें से 5 एथलीट्स ने जीते हैं। दिन की शुरूआत स्केटिंग के मेडल के साथ हुई। उसके बाद दोपहर होते-होते टेबल टेनिस के विमेंस डबल्स इवेंट में आया। शाम में एथलेटिक्स के मुकाबले शुरू हुए।




### नौवें दिन के मेडल

**स्केटिंग :** भारत को 2 ब्रॉन्ज स्केटिंग के 3000 मीटर रिले में 4:34.861 समय के साथ विमेंस टीम ने ब्रॉन्ज जीता। इसके बाद मेंस टीम ने भी रीले इवेंट में 4:10.128 समय के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया। **टेबल टेनिसः** सुतीर्था-अयहिका ने दिलाया ब्रॉन्ज सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी को सेमीफाइनल में नार्थ कोरिया के पेयर के खिलाफ 7 गेम में 11-7, 8-11, 11-7, 8-11, 9-11, 11-5, 2-11 के स्कोर के साथ 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ भारत को ब्रॉन्ज मिला। **3000 मीटर स्टीपलचेजः** भारत को एक ही इवेंट में 2 मेडल विमेंस 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में भारत के लिए पारुल चौधरी ने सिल्वर और प्रीति ने ब्रॉन्ज जीता। पारुल ने 9 मिनट 27.63 सेकंड में दौड़ पूरी की। वहीं, प्रीति ने 9 मिनट 43.32 सेकंड में रेस पूरी कर ब्रॉन्ज ने जीता। पहले स्थान पर बहरीन की यावी विनफ्रेड म्यूटाइल रही, जिन्होंने 9 मिनट 18.28 सेकंड में रेस पूरी की। **एथलेटिक्सः** विमेंस लॉन्ग जंप में सोजन ने सिल्वर जीता विमेंस लॉन्ग जंप में 6.63 मीटर की जंप के साथ भारत की एंसी सोजन ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। यह सोजन का पर्सनल बेस्ट भी था। **एथलेटिक्सः** मिक्स्ड रीले टीम को सिल्वर मेडल मिला। भारत के मुहम्मद अनस, जिस्ना मैथ्यू, ऐश्वर्या मिश्रा, सोनिया बैश्य, मुहम्मद अजमल ने मिक्स्ड रीले में ब्रॉन्ज जीता। टीम ने 3 मिनट 14.34 सेकंड में रेस फिनिश की। भारतीय चौकड़ी रेस में तीसरे स्थान पर रही, लेकिन दूसरा स्थान हासिल करने वाली श्रीलंकाई टीम डिस्क्वालिफाई हो गई। इस वजह से भारत का ब्रॉन्ज मेडल सिल्वर में बदल गया। **एथलेटिक्स :** तेजस्विन शंकर ने दिलाया दिन का पहला गोल्ड मेंस 400 मीटर रेस में भारतीय धावक तेजस्विन शंकर ने दिन का पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने 400 मीटर की रेस 49.67 सेकेंड में पूरी की।

### भारतीय हॉकी मेंस टीम सेमीफाइनल में पहुंची

हॉकी में भारतीय मेंस टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने अपने ग्रुप का आखिरी मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेला और 12-0 से एकतरफा जीत हासिल की। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह और मनप्रीत सिंह ने 3-3 गोल दागे। वहीं, अभिषेक ने दो गोल किए। अमित रोहिदास, ललित उपाध्याय, निलाकांता शर्मा और गुरजंत सिंह ने 1-1 गोल स्कोर किया।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगी : रविंद्र सिंह

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड को अपराध व भ्रष्टाचार मुक्त करने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा में निकले है। हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के हुसैनाबाद में 4 अक्टूबर को आयोजित संकल्प यात्रा को लेकर हुसैनाबाद पहुचेंगे। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने कही। वे सोमवार को अपने आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ता जोर शोर से लगे हैं। जगह-जगह पर तोरण द्वार व होडिंग लगाए जा रहे है। प्रदेश अध्यक्ष संकल्प यात्रा के दौरान क्षेत्र में जाकर आमजनों की समस्या सुन रहें है। भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद भी करेंगे। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व वरिष्ट नेता अशोक सिंह, रामप्रवेश सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता, रामराज मेहता, संतोष गुप्ता, मनोज सिंह आदि मौजूद थे।

## राजद कार्यकर्ताओं ने गांधी जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहर के अररूआ मोड़ स्थित राजद कार्यालय में सोमवार को प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव की अध्यक्षता में प्रदेश व प्रखंड के पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांधी जयंती पर महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लखन यादव आदि ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रतीक थे। उनके सिद्धांतो पर हमें चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जिला सचिव रंजीत पासवान, नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश चंद्रवंशी, नगर उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, राजद छात्र प्रखंड दीपक यादव, कुलहिया पंचायत अध्यक्ष शिवपूजन मेहता, सुमन पासवान, सूरज यादव, राजद नेता अवधेश यादव, श्यामजी यादव, श्याम पासवान, जितेंद्र दास, जहांगीर अंसारी, सरोज यादव, उदय ठाकुर, जितु गुप्ता, सतेंद्र यादव, विनय जायसवाल और जनार्धन यादव आदि शामिल थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 03 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


**नमनः** महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर कोयलांचल ने दी श्रद्धांजलि

# महापुरुषों ने जो हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया उस पर हम अमल करें : डीसी

**जिला प्रशासन, सांसद, विधायक सहित अन्य कईयों ने चढ़ाए श्रद्धा के फूल, जेडीयू ने निकाला पदयात्रा**

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद।** कोयलांचल में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित कर दोनों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हुए उनके बताए मार्गों पर चलने का आह्वान किया गया। गांधी जी की 154 वीं और शास्त्री जी की 119 वीं जयंती पर डीसी वरुण रंजन, डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, एडीएम (कानून व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता, एसडीएम उदय रजक आदि वरीय पदाधिकारियों ने सिटी सेंटर के पास स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। डीसी ने कहा कि उम्मीद करते हैं कि इन दोनों महापुरुषों ने जो हमें सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया है उन पर हम अमल करें और उनके दिए हुए मूल्यों का अनुसरण-पालन करते हुए समाज को विकास के पथ पर आगे ले चलें।







## निरसा विधायक ने की खादी के कपड़े खरीदने की अपील

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर निरसा विधानसभा के कुमारधुबी स्थित खादी वस्त्र भंडार में निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विधायक को खादी भंडार की ओर से अंगवस्त्र भेंट किया गया। इस दौरान देश को आर्थिक प्रगति पर ले जाने के लिए और इस उद्योग से जुड़े बुनकरों के हाथों को सशक्त करने के लिये विधायक ने लोगों से खादी वस्त्र खरीदने की अपील की।

### सांसद-विधायक ने किया नमन

धनबाद के भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह और भाजपा विधायक राज सिन्हा सहित जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनके जन्मदिन पर याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सर्वप्रथम सभी सिटी सेंटर स्थित राष्ट्रपिता के आदमकद प्रतिमा और पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा के समीप पहुंचे और माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी गांधी सेवा सदन और खादी ग्रामोद्योग पहुंचे। यहां दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी।

## गांधी जयंती पर जदयू ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध निकाला पदयात्रा




जदयू की ओर से राष्ट्रपिता एवं पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर भ्रष्टाचार के खिलाफ पदयात्रा निकाल कर विरोध दर्ज कराया। जदयू प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा खरीयो फाटक से प्रारंभ होकर पुरानी बाजार गोमो पहुंची। जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। अपने संबोधन में दीप नारायण ने कहा कि गांधी जी ने स्वतंत्र भारत में ग्राम स्वराज का सपना देखा था। पर आजादी के 75 वर्ष बाद भी देश में ग्राम स्वराज का सपना साकार नहीं हो सका। देश में बढ़ती गरीबी और बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार है, जो दीमक की तरह चाट रहा है। इसको जड़ से खत्म करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। मौके पर मनोज सिंह, बोकारो जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, दीपक महतो, विद्यानंद पासवान, इम्तियाज खान आदि मौजूद थे।

### झरिया में कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

झरिया में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर झरिया नगर कांग्रेस के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में चिल्ड्रेन पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे भी पहुंचे और दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। इस इसके अलावे झरिया विधानसभा के दर्जनों स्थानों पर राष्ट्रपिता और पूर्व प्रधानमंत्री को जन्मदिन के मौके पर याद किया गया।

## गांधी जयंती पर सीएसआइआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान ने किया स्वच्छता अभियान का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक तारीख एक घंटा एक साथ' के आह्वान से प्रेरणा लेते हुए सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधानसंस्थान धनबाद में सोमवार को स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसका संचालन सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के निदेशक प्रोफेसर अरविंद मिश्रा ने किया। इसमें संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ जेके सिंह, डॉ जेके पाण्डेय और राम लोलरक आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वच्छता अभियान की शुरूआत सीएसआईआर-केन्द्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान के सामुदायिक भवन से हुई। गांधी जयंती पर स्वच्छता के लिए जागरूकता संदेश के साथ संस्थान के पूरे आवासीय परिसर का भ्रमण करते हुए परिसर की सफाई भी की गई। इस स्वच्छता अभियान का आयोजन सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के डिगवाडीह परिसर एवं क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों बिलासपुर, रुड़की, रांची और नागपूर में भी किया गया।

## प्रदूषण के खिलाफ जारी धरना को मिला ददई दुबे का समर्थन

**प्रदूषण के खिलाफ दूसरे दिन समाजसेवी संगठनों ने दिया मौन धरना**

आजाद सिपाही संवाददाता




**झरिया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को गांधी जयंती पर झरिया की ग्रीन लाइफ और यूथ कॉन्सेप्ट संस्था ने चिल्ड्रन पार्क के समीप गांधी जी की आदमकद प्रतिमा के नीचे मौन धरना देकर बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ अपना विरोध जताया। झरिया वासियों से प्रदूषण के खिलाफ छिड़ी मुहिम में सहयोग भी मांगा। धरना की शुरूआत गांधी जी की प्रतिमा और पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस दौरान सभी हाथों में तख्ती लेकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के ऊपर आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। धरना दे रहे लोगों से पूर्व सांसद चंद्रशेखर दूबे उर्फ ददई दूबे भी मिलने पहुंचे। धरना दे रहे लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगे जायज है और उनका पूरा समर्थन उन्हें मिलेगा। प्रदूषण के खिलाफ इस लड़ाई में उनके साथ है। हालांकि बाद में धरना दे रहे लोगों ने कहा कि सिर्फ बोलने से कुछ नहीं होगा, बल्कि हकीकत में भी इस लड़ाई में साथ आना होगा। ग्रीन लाइफ संस्था के डॉ मनोज सिंह ने बताया कि झरिया में जानबूझकर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। जले हुए कोयले के राख को सैकड़ों फिट ऊंची ओबी की ओर ले जाकर डंप किया जा रहा है। वह राख आसमान में बादल की तरह उड़ रहे हैं और पूरे झरिया शहर पर बरस रहे हैं। झरिया में प्रदूषण का स्तर बहुत ही खतरनाक हो गया है जिसका असर गर्भवती महिलाओं और उनके गर्भ में पल रहे बच्चों पर भी पढ़ रहा है। वे दिव्यांग पैदा हो रहे हैं। हमारी लड़ाई झरिया में प्रदूषण का स्थान अपने मानक तक पहुंच जाने तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जब अकेले गांधी जी अहिंसा के दम पर देश से ब्रिटिश हुकूमत को उखाड़ फेंका सकते हैं तो झरिया को प्रदूषित करने वाले चंद लोगों को हम क्यों नहीं सुधार सकते। वहीं धरना में शामिल यूथ कॉन्सेप्ट के अखलाक अहमद ने बताया कि आज हम लोगों यहां मौन धरना देकर झरिया वासियों को प्रदूषण के खिलाफ जगाना चाहते हैं। हमें अपने परिवार की चिंता है इसी लिए पानी में घंटों भीगकर भी आंदोलन जारी रखे हुए हैं। इस मौके पर अनिल जैन, इकबाल अहमद, अंसार खान, अशफाक अहमद, आफताब आलम आदि मौजूद थे।

**मुसीबत :** अग्निप्रभावित क्षेत्रों के लोग डर के साये में रहने को मजबूर, गैस रिसाव में आयी तेजी

# धनबाद कोयलांचल में आफत की बारिश, कई मकान ढहे, घरों में घुसा पानी, डैम-नदियों का बढ़ा जलस्तर

**कोयला उत्पादन और डिस्पैच पर पड़ा असर, डैम जलाशयों से छोड़ा जाने लगा पानी**

शब्बीर हुसैन/अरविंद सिंह





**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शनिवार की रात से शुरू हुई लगातार बारिश धनबाद कोयलांचल के लिए आफत बन गयी है। जन जीवन ठहर सा गया है। नदी-नाले व डैम उफान मारने लगे हैं। सड़कों में कई स्थानों पर जल जमाव हो गया है। कई मुहल्ले जलग्मन हो गए तो कई स्थानों पर घरों में पानी घुस गया है। सबसे ज्यादा परेशानी धनबाद-बरवाअड्डा फौर लेन मुख्य सड़क पर हुई। रानीबांध तालाब के समीप लगातार बारिश से दोनों ओर की सड़क पानी से लबालब हो गए। इस दौरान बाइक सवार गिरे तो कई गाड़ियां पानी मे ही बंद होकर फंस गई। वहीं नगर निगम की ओर से सड़क से पानी निकालने के लिए मोटर तक लगाना पड़ गया। वहीं डीसी की ओर से इस मार्ग से जल निकासी और सड़क मरम्मती को लेकर नगर आयुक्त के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है।

### अग्निप्रभावित क्षेत्रों की स्थिति भयावह

लगातार बारिश के कारण शहरी क्षेत्र के लोग जल जमाव की समस्या से जूझ रहे हैं। तो दूसरी ओर कोलियरी इलाकों में अग्निप्रभावित क्षेत्र के लोग डर के साये जीने को मजबूर हैं। जिले के कई क्षेत्रों में मिट्टी के घर ध्वस्त हो गए। वहीं झरिया के लोदना, घनुडीह, बस्ताकोला, दोबारी, भौंरा के अग्निप्रभावित क्षेत्रों में बारिश की वजह से भारी मात्रा में गैस रिसाव शुरू हो गया है। कई स्थानों पर भू-धंसान की संभावनाएं प्रबल हो गयी हैं। इन क्षेत्रों में रहने वालों को बस अब भगवान पर ही भरोसा है। हालांकि सोमवार दोपहर बाद थोड़ी राहत जरूर मिली। बारिश में भी कमी आयी और तेज धूप भी खिली। पर बारिश का रुक रुक कर बरसना जारी रहा।

### कोयला उत्पादन और डिस्पैच पर पड़ा असर

लगातार बारिश की वजह से जिले भर में चल रहे बीसीसीएल के कोयला उत्पादन और डिस्पैच पर भारी असर पड़ा है। कई स्थानों पर खुली खदानों में पानी भर गया है जिससे उत्पादन प्रभावित हुआ है। वहीं इन खदानों के आसपास बह रही जोड़िया भी उफान पर है। जिससे बीजीसीएल प्रबंधन के माथे पर बल आ गया है।

### मैथन व पंचेत डैम में 7 व 9 फीट बढ़ा पानी

मैथन और पंचेत डैम से सोमवार की सुबह से ही लगातार पानी छोड़े जा रहे हैं। क्योंकि लगातार बारिश के बाद मैथन और पंचेत का जलस्तर काफी बढ़ गया है। जानकारी के अनुसार पिछले 10 दिनों में मैथन डैम के जलस्तर में सात फीट और पंचेत डैम के जलस्तर में नौ फीट की वृद्धि दर्ज की गयी है। दामोदर घाटी के ऊपरी क्षेत्र स्थित तिलैया, कोनार एवं तेनुघाट डैम से लगातार पानी छोड़े जाने व बारिश के कारण दोनों डैम का जलस्तर काफी तेजी से बढ़ा है। सोमवार की सुबह मैथन डैम का जलस्तर 488.81 फीट मापा गया, जो खतरे के निशान से 6 फिट कम है। जबकि पंचेत का जलस्तर 415.49 फीट मापा गया जो कि खतरे के निशान से लगभग 10 फिट कम है। पंचेत डैम का खतरे का लेबल 425 फीट है जबकि मैथन का 495 फीट डेंजर लेबल है। वहीं कोनार डैम का 1391.40 फीट, तिलैया डैम का 1202.72 फीट एवं तेनुघाट डैम का 855.35 फीट जलस्तर मापा गया। उपरोक्त सभी डैम के जल स्तर पर केंद्रीय जल आयोग के अधिकारियों की कड़ी नजर बनी हुई है। आयोग के निर्देश पर सोमवार से मैथन डैम से 55 हजार क्यूसेक और पंचेत डैम से 75 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इस कारण दामोदर घाटी के निचले क्षेत्र यानी पश्चिम बंगाल में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर से पूरे राज्य में वर्षा हो रही है। दक्षिण पूर्व झारखंड और बंगाल के गंगा तट से ओडिशा तक लो प्रेशर बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय घेरा बन गया है। जिससे कई दिनों तक बारिश होने की संभावना बनी हुई है। पांच अक्टूबर के बाद से वर्षा में कमी आने की उम्मीद है। वहीं अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि 14 अक्टूबर तक मॉनसून की धनबाद से विदाई होगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बोकारो में जगह-जगह मनायी गयी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती एवं लाल बहादूर शास्त्री की 115 वीं जयंती पर बोकारो जिले में दोनों महापुरूषों के प्रतिमा स्थल सेक्टर 04 स्थित गांधी चौक एवं सेक्टर 06 स्थित शास्त्री चौक पर कार्यक्रम आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का आयोजन गांधी विचार मंच एवं लाल बहादुर शास्त्री सेवा समिति की ओर से किया गया। इसमें बोकारो विधायक बिरंची नारायण, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, चंदनकियारी के पूर्व विधायक उमाकांत रजक, बीएसएल प्लांट के अधिशासी निदेशक बीके तिवारी, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक, अपर समाहर्ता मेनका, अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत आदि उपस्थित थे।

### रन फॉर जीरो हंगर की ओर इएसएल के बढ़ते कदम



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** ईएसएल परिवार के 250 से अधिक लोगों ने ईएसएल वॉकथॉन में भाग लिया। इस अवसर पर आनंद दुबे (सीएफसी ईएसएल) ने कहा कि गांधी जयंती और शास्त्री जयंत याद दिलाते हैं कि नेतृत्व को शक्ति से नहीं, बल्कि सत्य, सादगी और अहिंसा के सिद्धांतों से परिभाषित किया जाता है। हम ईएसएल में प्रभावी नेतृत्व की आधारशिला के रूप में सादगी, अखंडता और समर्पण का जश्न मनाते हैं। एक नेता ने हमें आजादी दिलाई और दूसरे ने हमें बताया कि उस स्वतंत्रता के साथ कैसे काम किया जाए, भूख को मिटाने के लिए हमारा समर्पण हमारे सिद्धांतों, मिशन और वैश्विक प्रभावकों के रूप में कर्तव्य से आग्रह करता है कि आइए उन सभी लोगों को जीविका प्रदान करने के प्रयास में एकजुट हों जो हम कर सकते हैं। इस पहल के पीछे प्रेरक शक्ति, वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने इस आयोजन को एक शानदार सफलता बनाने के लिए शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों और स्थानीय अधिकारियों की सराहना की। आयोजन के दौरान सभी सुरक्षा उपायों और स्वास्थ्य प्रोटोकॉल का सावधानीपूर्वक पालन किया गया, जिससे पूरे वॉकथॉन में सभी प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित तौर पर ध्यान रखा गया। गांधी जयंती, शास्त्री जयंती, जीरो हंगर के लिए वॉकथॉन और स्वच्छता अभियान ने समुदाय पर स्थायी प्रभाव छोड़ा है, जो एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में स्वच्छता, एकता और शारीरिक फिटनेस के महत्व की अहमियत बताता है। इस कार्यक्रम ने उनके आदर्शों को श्रद्धांजलि अर्पित की और लोगों को स्वच्छ और स्वस्थ भारत को बढ़ावा देने के लिए परिवर्तन का एजेंट बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### महात्मा गांधी का स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन साहस एवं वीरता का प्रतीकः डॉ राजेश यादव

**महुदा (आजाद सिपाही)।** रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में गांधी जयंति पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा कॉलेज परिसर की सफाई की गई। इसके बाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय वर्तमान परिदृश्य में महात्मा गांधी के दार्शनिक विचारों की प्रासंगिकता था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव, डीएल एड विभागाध्यक्ष नवीन मंडल द्वारा महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान बीएड के छात्र विजय कुमार, मुन्नी सिंह, प्रेम कुमार, मानसी कुमारी, पूजा कुमारी, रानी नगमा, खुशबू कुमारी, इरम फातमा, आदिला एहसान ने अपने विचार प्रस्तुत किए। डीएल एड विभागाध्यक्ष नवीन मंडल ने कहा कि मनुष्य के वास्तविक जीवन में इनके आदर्शो की छाप दिखाई देनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विजय कुमार सिंह एवं मुन्नी कुमारी ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सजल बनर्जी, बिजय कुमार महतो, रविकांत पाण्डेय, अजय शंकर महतो, शशि शेखर, मंजु कुमारी, कुमारी संजु बाला, लालमणि महतो, मोहन लाल महतो आदि का सहयोग रहा। वहीं, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार यादव ने कहा कि आज भी महात्मा गांधी के विचार प्रासंगिक है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि पूरे जीवन काल में समाज और देश के लिए स्वतः की इच्छाओं को त्याग कर समाज एवं राष्ट्र के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। रवि महतो हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक धनंजय महतो ने लालबहादुर शास्त्री एवं महात्मा गांधी के जीवन आदर्शो पर चलने की बात कही।

### 4 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर महा धरना में शामिल होने बाघमारा से सेविका-सहायिका रवाना

**कतरास (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर मानदेय में बढ़ोतरी और समय पर भुगतान की मांग को लेकर बाघमारा आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका चार अक्तूबर को दिल्ली में महाधरना देने के लिए कतरास से रवाना हो गई। वहीं, झारखंड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के मुख्य संरक्षक अशोक सिंह नयन ने बताया कि सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 65 वर्ष करने, ग्रेच्युटी की स्वीकृति, सेवानिवृत्ति के बाद पूर्ण पेंशन, सेविका-सहायिका को मानदेय के स्थान पर वेतनमान की स्वीकृति देने की मांग को लेकर 4 अक्टूबर को जंतर मंतर पर महाधरना दिया जायेगा। जिसमें देश से सभी सेविका-सहायिका उक्त तिथि को दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुंच धरना को सफल करेंगी और केंद्र सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध में अपना आक्रोश जतायेंगी। मौके पर पार्वती देवी, कुंती देवी, दिव्या देवी, तेजनी देवी, संजू देवी, पूनम देवी, जितेंद्र पासवान, लौली देवी, हरिपद महतो, अतुल चंद्र महतो आदि मौजूद थे।

### मैथन के गोगना छठ घाट पर गंगा आरती का आयोजन

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एग्यारकुण्ड प्रखंड की ओर से मैथन के गोगना छठ घाट पर नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गांधी जयंती के अवसर पर सोमवार को गंगा आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ ने किया। इसके बाद शिवलीबाड़ी मुखिया काकोली मुखर्जी के नेतृत्व में स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद सामूहिक रूप से बराकर नदी की आरती की गई। इस संबंध में एग्यारकुण्ड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने बताया कि नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा आरती, मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के तमाम जलस्त्रोत को साफ और स्वच्छ रखने को लेकर जागरूक करना है। आये दिन देखा जा रहा है की लोग घर का कचड़ा आसपास के जलस्त्रोतों में फेंक देते हैं जिस कारण वे दूषित हो जाते हैं। मौके पर जिला प्रभारी सदस्य बादल चंद्र बावरी, सती सावित्री बावरी, काली पहाड़ी दक्षिण पंचायत के मुखिया मनोरमा सिंह, बबलू चौधरी, विवेक कुमार, मुकेश कुमार, बहादुर मुर्मू, सरोज कुमार रविदास आदि थे।

## न्यूज रील्स

### हरपाल समेत 6 की प्लेन क्रैश में मौत

**नयी दिल्ली।** भारतीय अरबपति हरपाल रंधावा की जिम्बाब्वे में मिड एयर प्लेन क्रैश में मौत हो गयी। वो 60 साल के थे। प्लेन में उनके बेटे आमेर (22) समेत कुल 6 लोग सवार थे। सभी की इस दुर्घटना में मौत हो गयी। सिंगल इंजन वाला सेसना 206 एयरक्राफ्ट हरारे से मुरोवा जा रहा था। क्रैश की वजह टेक्निकल फॉल्ट को बताया जा रहा है। हरपाल रंधावा माइनिंग कंपनी रियोजिम के मालिक थे। यह कंपनी सोना, कोयला, निकल और तांबे का उत्पादन करती है।

### कैटलिन और वीसमैन को मिला नोबेल प्राइज

**नयी दिल्ली।** मेडिसिन में 2023 का नोबेल प्राइज कैटलिन कारिको और ड्रू वीसमैन को मिला है। इनकी दी गयी एमआरएनए टेक्नोलॉजी से बनी कोरोना वैक्सीन के जरिये दुनिया कोरोना महामारी से निकल पायी। दरअसल, कोरोना के वक्त पहली बार ऐसा हुआ था जबएमआरएन टेक्नोलॉजी पर आधारित वैक्सीन बनी थी। इसे फाइजर, बायो एन टेक और मॉडर्ना ने बनाया था।

### गांधी जयंती, शास्त्री जयंती और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया

# विश्वविद्यालय में गांधी और गोपबंधु अध्ययन केंद्र स्थापित किया जायेगा : प्रोफेसर त्रिपाठी

- यह दृष्टिकोण असमानताओं को समाप्त करेगा और सभी के लिए शिक्षा के आधार पर अवसर प्रदान करेगा।

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओड़िशा।** विश्वविद्यालय ने सुनेबेडा में अपने स्थायी परिसर में गांधी जयंती, शास्त्री जयंती और अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस मनाया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी ने शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के साथ प्रख्यात व्यक्तित्वों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रोफेसर त्रिपाठी ने महात्मा गांधी के गहरे विचारों पर प्रकाश डाला और अहिंसा, सत्य और सेवा के मूल्यों पर जोर दिया जो विश्व शांति को प्रेरित करते हैं। पूरी दुनिया ने महात्मा के महान सिद्धांतों को मान्यता दी है जो शांतिपूर्ण अस्तित्व की दिशा में लोगों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। प्रोफेसर त्रिपाठी ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के महत्वपूर्ण योगदान और नैतिक जिम्मेदारी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के संदर्भ में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के दर्शन का उल्लेख करते हुए भारतीय मूल्यों और महात्मा गांधी की अहिंसा नीति चर्चा की बात कही। कुलपति ने ओड़िशा के गांधी के नाम से लोकप्रिय उत्कल मणि गोपबंधु के विचारों और मानवता की सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के बारे में उत्साहपूर्वक बात की। उन्होंने सभी को सार्वभौमिक शांति और विकास की बेहतरी के लिए गोपबंधु के मार्ग और आदर्शों का पालन करने की सलाह दी। प्रो त्रिपाठी ने ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय में गांधीवादी अध्ययन केंद्र और गोपबंधु अध्ययन केंद्र की स्थापना की घोषणा की। एसोसिएट प्रोफेसर और समाजशास्त्र विभाग की प्रमुख डॉ कपिला खेमुंडू ने स्वागत भाषण दिया और इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला। सुरेंद्रनाथ कर सम्मानित अतिथि थे और उन्होंने महात्मा गांधी के बलिदान और मूल्यों पर प्रकाश डाला। प्रभारी रजिस्ट्रार और वित्त अधिकारी प्रो एन सी पांडा ने अपने संबोधन में अहिंसा के सामयिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहिंसा के सिद्धांत की जड़ें प्राचीन भारतीय ज्ञान, भगवद गीता, बौद्ध धर्म और जैन धर्म की शिक्षाओं में हैं, जिन्होंने महात्मा गांधी के जीवन और मान्यताओं को बहुत प्रभावित किया। स्कूल ऑफ बायोडायवर्सिटी एंड कंजर्वेशन ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज के डीन प्रोफेसर शरत पलिता ने गांधीजी के शिक्षा के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और कहा, महात्मा गांधी ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को उद्योग के साथ निकटता से जोड़कर औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुसार छात्रों को बनाने की कल्पना की थी। यह दृष्टिकोण असमानताओं को समाप्त करेगा और सभी के लिए शिक्षा के आधार पर अवसर प्रदान करेगा। प्रोफेसर हेमराज मीणा और प्रोफेसर जीब भूषण बागची ने आज के समाज में गांधी की जीवन शैली, विचारों और गतिविधियों की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. फगुनाथ भोई ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भाग लिया, जो इन महापुरुषों और उनकी शिक्षाओं के सम्मान में एकत्र हुए।

राष्ट्रपिता के सम्मान में, विश्वविद्यालय ने 1 अक्टूबर, 2023 को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें परिसर और आसपास के गांवों की सफाई और छात्रों के बीच ड्राइंग और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

# नवीन पटनायक ने बीजेडी की जनसंपर्क पदयात्रा की शुरुआत की

- बीजू जनता दल गरीबों, महिलाओं, युवाओं, एसएसटी के लिए काम कर रही है।

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बीजेडी का जनसंपर्क पदयात्रा आज से राज्य भर में शुरू हो हुआ। बीजेडी के सुप्रीमो नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर से पदयात्रा की शुरुआत की। नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर महानगर निगम के अंतर्गत वार्ड नंबर-57 में बड़गड ब्रिट कॉलोनी नेताजी ग्राउंड से पदयात्रा शुरू की है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा, बीजेडी की पदयात्रा आज से शुरू हो गयी है। इस अवसर पर बापूजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। गांधीजी ने हमें सदैव प्रेरित किया है। गांधी जी के मंत्र ने हमें रास्ता दिखाया है। बीजू जनता दल गरीबों, महिलाओं, युवाओं, एसएसटी के लिए काम कर रही है। हम महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम कर रहे हैं। महिला कानून हमारा लंबे समय से प्रयास रहा है और यह सफल हुआ है।बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना स्वास्थ्य के क्षेत्र में परिवर्तनकारी रही है। ओड़िशा ने स्कूल रूपांतरण, खाद्य सुरक्षा, खेल के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है। विपक्षी दल ओड़िशा के विकास से खुश नहीं है। गलत खबरों से लोगों को गुमराह करना अब उनका काम बन गया है।' जब चुनाव आता है तो वे यही करते हैं।' यही कारण है कि उन्हें सदैव जनता द्वारा नकारा गया है। विपक्ष विकास विरोधी और जनविरोधी है। लिंगराज मंदिर और जगन्नाथ मंदिर के काम में बाधा डालने की भी कोशिश की। जनता उन्हें सत्ता नहीं देगी। मैं कार्यकर्ताओं से अनुरोध करता हूं कि वे विकास का संदेश घर-घर तक पहुंचाएं।'

## अनुराग सिंह ठाकुर आज ओड़िशा दौरे पर आ रहे हैं



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर मंगलवार को ओड़िशा के दौरे पर आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री सुबह 9:50 बजे भुवनेश्वर के बीजू पटनायक हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद भाजपा राज्य कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। पूर्वाह्न 11:00 बजे वह उत्कल विश्वविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा आयोजित मो माटी मो देश कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 3.30 बजे केंद्रीय मंत्री भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले दैनिक समाचार पत्र 'संबाद' की 40वीं वर्षगांठ समारोह में अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## एनटीपीसी तालचेर थर्मल में स्वच्छता अभियान



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी तालचेर थर्मल में 1 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 1 तारीख को स्थानीय रेलवे स्टेशन, हाट और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। महाप्रंधक प्रोजेक्ट आर के सिंह, सभी महाप्रबंधक, डॉक्टर, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, महिला क्लब के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, कर्मचारी, बीएचईएल कर्मचारी और यूनियन समूह ने शामिल होकर स्वच्छता अभियान को नया रूप दिया। इसके बाद एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और शास्त्रीजी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक पदयात्रा नूतन फील्ड हॉस्टल से निकलकर कॉलोनी परिक्रमा के बाद गांधी पार्क में एकत्रित हुए। दोनों महान नायकों को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद स्वच्छता की शपथ ली गयी। इसमें महाप्रांधक परियोजना आर. के. सिंह ने सभी को शपथ दिलाई और दिन के महत्व को समझाते हुए एक संक्षिप्त भाषण दिया। सभी ने कार्यक्रम में भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# पूर्व तट रेलवे ने गांधी जयंती-स्वच्छता पखवाड़ा मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भूवनेश्वर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पूरे देश में आयोजित की जा रही है। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, पूर्व तट रेलवे के प्रधान विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने अतिरिक्त महाप्रबंधक शरद के नेतृत्व में पूर्व तट रेलवे मुख्यालय रेल सदन चंद्रशेखरपुर भुवनेश्वर में महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। गांधी जयंती के दिन पूर्व तट रेलवे के अपर महाप्रबंधक शरद ने कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों के लिए प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों, भारत स्काउट्स और गाइड्स और स्कूली बच्चों ने जनता को जागरूक करने के लिए कई नारों के साथ वृक्षारोपण अभियान में भी भाग लिया। सभी स्तरों पर रेलवे कर्मचारियों ने स्टेशनों, ट्रेनों, कोच रखरखाव डिपो, कई कार्यालयों, कार्यस्थलों और रेलवे कॉलोनियों में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया। दूर-दराज के स्टेशनों पर रेलवे कर्मचारियों ने भी बड़ी संख्या में हिस्सा लिया इस अवसर पर साफ सफाई, स्वच्छ समाचार, स्वच्छ स्टेशन, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ भोजन, स्वच्छ नीर, स्वच्छ प्रसाद, स्वच्छ रेलवे आदि गतिविधियां चलायी गयीं। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

## संबलपुर मंडल में गांधी जयंती का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल में महात्मा गांधी की 154वीं जयंती मनायी गयीं। जयंती समारोह की शुरूआत दीप प्रज्जवलित करने और राष्ट्रपिता की फोटो पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई । संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी की 154वीं जयंती का आयोजन संबलपुर रेल मंडल में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।




















| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**